वर्ष : 32 ▸ अंक : 150 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 18 नवंबर 2023 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**मप्र चुनाव : 2,533 उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में कैद :** मध्य प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों के लिए 2,533 उम्मीदवार मैदान में थे। वहीं, छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में 70 सीटों के लिए 958 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई। अब सभी के भविष्य का फैसला 3 दिसंबर 2023 को मतगणना के साथ हो जाएगा। मध्य प्रदेश में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुपम रंजन ने बताया कि रतलाम के सैलाना विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 85.49 प्रतिशत वोट पड़े। उन्होंने बताया कि खिलचीपुर राजगढ़ में मतदान 84.17 प्रतिशत रहा। वहीं, सिवनी के बरघाट विधानसभा क्षेत्र में 84.16 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं, भिंड में सबसे कम 50.41 प्रतिशत और ग्वालियर दक्षिण में 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ।

**भोपाल :** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को होने वाला मतदान शाम छह बजे समाप्त हो गया। चुनाव अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, शाम पांच बजे तक सूबे के 230 विधानसभा सीटों पर करीब 71।16 फीसदी मतदान हुआ। इसमें सबसे अधिक नक्सल प्रभावित बैहर विधानसभा सीट पर करीब 8038 फीसदी मतदान हुआ। इसके साथ ही, मध्य प्रदेश के चुनावी मैदान में ताल ठोकने वाले करीब 2,533 उम्मीदवारों का भविष्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया। अब मतों कि गिनती 3 दिसंबर 2023 को होगी।

### नक्सल प्रभावित सीटों पर मतदान 3 बजे समाप्त

इस बार के चुनाव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता कमलनाथ, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा समेत कई दिग्गज नेताओं समेत करीब 2,533 उम्मीदवार मैदान में ताल ठोके हुए हैं। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों में मतदान दोपहर बाद करीब तीन बजे समाप्त हो गया, जबकि राज्य के बाकी सीटों पर मतदान शाम छह बजे समाप्त हुआ। मध्य प्रदेश के करीब 230 विधानसभा सीटों के लिए शुक्रवार सुबह करीब सात बजे मतदान शुरू किया गया।

# छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में मतदान संपन्न

## मध्य प्रदेश में 71.16% तो छत्तीसगढ़ में 68.15 % वोटिंग



एजेंसी । भोपाल/रायपुर

छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान का कार्य संपन्न हो गया। मध्य प्रदेश में जहाँ सभी 230 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ, वहीं छत्तीसगढ़ में दूसरे दौर की 70 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ। शाम के पाँच बजे तक के मतदान के आँकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश में 71.16 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 68.15 प्रतिशत मतदान हुआ।

### छत्तीसगढ़ चुनाव : 958 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को 70 सीटों के लिए दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान शाम पांच बजे समाप्त हो गया। मतदान समाप्ति के समय तक राज्य के 68.15 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रदेश में दूसरे चरण के मतदान के लिये 1,63,14,479 मतदाता थे। इस चरण में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, आठ मंत्रियों और चार सांसदों समेत 958 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। राज्य में मतदान दल की वापसी के दौरान नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया। इस घटना में भारत तिब्बत सीमा पुलिस के एक जवान की मौत हो गयी। वहीं, मतदान के दौरान एक महिला की मृत्यु हो गयी तथा मतदान करने जा रहे एक व्यक्ति को जंगली हाथी ने कुचल दिया। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि राजिम जिले की नक्सल प्रभावित बिंद्रानवागढ़ सीट के नौ मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ तथा दोपहर बाद तीन बजे समाप्त हो गया।

# आरक्षण पर सियासी चिंगारी

## जालना के अम्बड़ तालुका में ओबीसी की महासभा, जुटे 5 लाख से ज्यादा लोग

## भुजबल गरजे, बोले- लड़ेंगे या मरेंगे

अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र में आरक्षण के मुद्दे को लेकर ओबीसी और मराठा के बीच महायुद्ध भड़क गया है। ओबीसी समाज के कद्दावर नेता व कैबिनेट मंत्री भुजबल शुक्रवार को जालना के अम्बड़ तालुका में आयोजित एक विशाल सभा में जम कर गरजे। उन्होंने कहा कि राज्य में ओबीसी आरक्षण की रक्षा के लिए वे लड़ेंगे या मरेंगे। ओबीसी नेता ने कहा कि अगर हमारे आरक्षण के कोटे पर हाथ डाला गया तो इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भुजबल ने अपनी सरकार से तुरंत जातिगत जनगणना कराए जाने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। अम्बड़ तालुका में आयोजित ओबीसी की एलगार सभा में करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी।




**कुनबी प्रमाण पत्र बांटना बंद करो :** कैबिनेट मंत्री भुजबल ने अपनी ही सरकार से दो टूक अंदाज़ में कहा कि वे कुनबी का प्रमाण पत्र बांटना बंद करें। उन्होंने साफ़ तौर से कहा कि मराठों को आरक्षण देते समय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए मौजूदा आरक्षण में कटौती नहीं की जानी चाहिए। राकां नेता ने पूछा कि अचानक मराठों को कुणबी जाति से संबंधित दिखाने वाले कई रिकॉर्ड कैसे मिल रहे हैं। कुणबी सर्टिफिकेट मिलने पर ओबीसी की सुविधा मिल जाएगी। लेकिन क्या आप गलत सर्टिफिकेट देकर लोगों को गुमराह करेंगे। बीजेपी को याद रखना चाहिए कि 60 प्रतिशत ओबीसी उनके लिए मतदान करते हैं।

### पवार की तारीफ़

भुजबल ने अपने पुराने बॉस शरद पवार की तारीफ़ करते हुए कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मंडल आयोग को राज्य में लागू किया। मंडल आयोग को तत्कालीन पीएम वीपी सिंह ने स्वीकार किया और तब जाकर हमें 27 प्रतिशत आरक्षण मिला। कई लोग यह आरोप लगाते हैं कि ओबीसी को आरक्षण देकर हमें नुकसान पहुंचाया। लेकिन यह सही नहीं है।

**जरांगे पर ज़ोरदार वार, ससुराल की रोटी नहीं तोड़ता :** छगन भुजबल ने मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर मनोज जरांगे पाटिल पर ज़ोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जरांगे कहता है कि मैं जेल में दो साल बेसन की रोटी खाकर आया हूं। यह सही है कि मैं आज भी दिवाली पर बेसन की रोटी खाता हूं। लेकिन मैं जरांगे पाटिल की तरह ससुराल की रोटी नहीं तोड़ता हूं।

### जरांगे के पीछे रोहित और टोपे

भुजबल ने दावा किया कि लाठीचार्ज की घटना के बाद रात 3 बजे राकां विधायक रोहित पवार और पूर्व मंत्री राजेश टोपे, मनोज जरांगे पाटिल के घर पहुंचे थे। फिर उसके बाद सुबह राकां अध्यक्ष शरद पवार पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि राकां अध्यक्ष को अगर यह सच बताया होता तो स्थिति अलग होती। भुजबल ने कहा कि शरद पवार साहेब एक बेहतरीन प्रशासक है, पर उनको पूरा सच नहीं बताया गया।

### पहले समाज, फिर पार्टी: वडेट्टीवार

महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लिए पहले ओबीसी समाज जरूरी है, पार्टी बाद में आती है। उन्होंने कहा कि आज की सभा ऐतिहासिक है। हमनें अपनी ताकत दिखा दी है। अब कोई भी ओबीसी के अधिकारों पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं करेगा। वडेट्टीवार ने कहा कि हमारे लिए पद नहीं बल्कि समाज महत्वपूर्ण है। उन्होंने मराठा समाज पर निशाना साधते हुए कहा कि आप कहते हैं कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी हमारी जमीन घटकर 20 एकड़ से 5 एकड़ रह गई है। लेकिन जिनके पास जमीन नहीं है क्या आप उनके बारे में विचार करते हैं कि उनका क्या होगा।

### फिर पूरा महाराष्ट्र जल उठेगा

बीजेपी विधायक गोपीचंद पडलकर ने अपनी ही सरकार को आगाह करते हुए कहा कि अगर ओबीसी समाज के आरक्षण के साथ छेड़छाड़ की गई तो पूरा महाराष्ट्र जल उठेगा। उन्होंने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को राजधर्म की याद दिलाते हुए कहा कि उन्हें इस बारे में न्याय करना होगा।

### माहौल खराब करने की कोशिश: जरांगे

ओबीसी की सभा में लगाए गए आरोप के बाद मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल ने कहा कि राज्य में माहौल को ख़राब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि किसी बंदर ने छगन भुजबल को मेरे बारे में गलत सूचना दे दी है कि मैं अपने ससुराल की रोटी तोड़ रहा हूं।

### भुजबल की उम्र हो गई है

जरांगे पाटिल ने तंज कसते हुए कहा कि अब भुजबल की उम्र हो गई है। इसलिए वे बड़बड़ा रहे हैं। मराठों की एकता उनसे हजम नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि ओबीसी नेता अब निम्न स्तर पर उतर गए हैं।

## महाराष्ट्र को 1.53 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत

**मुंबई।** महाराष्ट्र को एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए अगले छह साल में कुल मिलाकर 1.53 लाख करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। महाराष्ट्र इंस्टिट्यूशन



ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन (मित्र) द्वारा तैयार एक दृष्टिपत्र में यह आकलन किया गया है। शुक्रवार को प्रदेश मंत्रिमंडल के समक्ष दृष्टिपत्र की प्रस्तुति दी गई, जिसमें 341 सिफारिशें स्वीकार की गईं। 'मित्र' महाराष्ट्र की आर्थिक सलाहकार परिषद है। इसकी स्थापना राज्य के आर्थिक विकास दृष्टिकोण को तैयार करने के लिए दिसंबर, 2022 में की गई थी। दृष्टिपत्र में 17 प्रतिशत राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की वृद्धि हासिल करने के साथ-साथ अगले छह वर्षों में 1.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने की बात कही गई है।

सुशांत राजपूत की मौत मामला

## सेशन कोर्ट-एनसीबी द्वारा प्रक्रिया का नहीं किया गया पालन

एन. के. पुरोहित । मुंबई



सेशन कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को सुशांत सिंह राजपुत की मौत के ड्रग्स मामले में आरोपी धर्मा प्रोडक्शन के पूर्व कार्यकारी प्रोड्यूसर क्षितिज प्रसाद का पासपोर्ट वापस करने का निर्देश देते हुए कहा कि पासपोर्ट जब्त करने का अधिकार केवल पासपोर्ट अथॉरिटी को है। इस मामले में एनसीबी द्वारा प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। विशेष पीएनएलए अदालत में वकील सतीश मनेशिंदे के माध्यम से दायर प्रसाद के आवेदन में कहा गया था कि वह जमानत पर बाहर हैं और जब भी उन्हें जांच के लिए बुलाया गया ,तो उन्होंने जांच अधिकारी के साथ सहयोग किया है। प्रसाद ने अपने आवेदन में एनसीबी को अपना पासपोर्ट वापस करने का निर्देश देने की मांग की थी। एनसीबी ने प्रसाद को 2020 में गिरफ्तार किया था।

### कानून के अनुसार प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया

विशेष अदालत ने कहा कि जब प्रसाद को 2020 में जमानत दी गई थी, तो उन्हें एनसीबी के पास पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया था। उस आदेश को तीन साल से अधिक की अवधि बीत चुकी है। इस मामले में प्रतिवादी (एनसीबी) द्वारा पासपोर्ट प्राधिकरण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नहीं किया गया है। अनुच्छेद 21 के अर्थ में व्यक्तिगत स्वतंत्रता के दायरे में विदेश जाने का अधिकार भी शामिल है। इसके परिणामस्वरूप किसी भी व्यक्ति को कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अलावा उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। इस मामले में ऐसा प्रतीत होता है कि एनसीबी ने पासपोर्ट को अपने पास रखने के लिए कानून के अनुसार प्रक्रिया का पालन नहीं किया है।

## बालासाहेब ठाकरे स्मृति योजना के विस्तार को मंजूरी

मुनीब चौरसिया । मुंबई

राज्य में ग्राम पंचायतों के कार्यालय बनाने के लिए बालासाहेब ठाकरे स्मृति मातोश्री ग्राम पंचायत योजना की अवधि बढ़ाने को राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने ग्राम पंचायतों के भवनों के निर्माण के लिए निधि बढ़ाने को भी स्वीकृति दी है। इससे यह योजना अब साल 2027-28 तक लागू की जा सकेगी। मंत्रालय में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री गिरीश महाजन ने बताया कि 2 हजार से कम जनसंख्या वाले ग्राम पंचायतों को अब ग्राम पंचायत की इमारत बनाने के लिए 15 लाख रुपए के बजाय 20 लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। जबकि 2 हजार से अधिक आबादी वाले ग्राम पंचायतों को भवन बनाने के लिए अब 18 लाख रुपए के बदले 25 लाख रुपए अनुदान प्रदान किया जाएगा। महाजन ने बताया कि पहले ग्राम पंचायतों को कार्यालय बनाने के लिए कुल लागत की 10 प्रतिशत निधि देना पड़ता था।

# 2 साल का इंतजार खत्म

## नवी मुंबई में शुरू हुई मेट्रो सेवा

धीरज सिंह । नवी मुंबई

12 साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार नवी मुंबई मेट्रो शुक्रवार से शुरू हो गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार 16 नवंबर को बिना किसी उद्घाटन के मेट्रो सेवा शुरू करने का आदेश दिया था। इसके मुताबिक आज यानी शुक्रवार 17 नवंबर को बेलापुर और पेंडार स्टेशन के बीच पहली मेट्रो चली। इस अवसर पर सिडको के संयुक्त प्रबंध निदेशक कैलाश शिंदे, नवी मुंबई नगर आयुक्त राजेश नार्वेकर उपस्थित थे। नवी मुबई के लोगों को इस मेट्रो का कई सालों से इंतजार था। यह मेट्रो नवी मुंबई के अंदरूनी इलाकों में चलेगी। बताया जा रहा है कि इससे सबसे ज्यादा फायदा तलोजा इलाके में रहने वाले लोगों को होगा।



### बिना उद्घाटन मेट्रो को शुरू करने का आदेश

ABP माझा के विनायक पाटिल की एक रिपोर्ट के अनुसार इस मेट्रो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाना था, लेकिन किसी कारण से उद्घाटन में लगातार देरी हो रही थी। लेकिन अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बिना उद्घाटन के ही इस मेट्रो को शुरू करने का आदेश दे दिया। 1 मई 2011 को नवी मुंबई मेट्रो का भूमिपूजन तत्कालीन मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने किया था। इसके बाद से इस मेट्रो को लेकर कुछ नहीं किया जा सका। लेकिन सिडको के नवी मुंबई मेट्रो प्रोजेक्ट रूट नं। 1 को मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा सेंट्रल पार्क और बेलापुर स्टेशनों के बीच यात्री सेवाएं शुरू करने की अनुमति दी गई थी। लेकिन उसके बाद भी इस मेट्रो को शुरू होने में देर नहीं लगी।

**कौन से स्टेशन शामिल हैं? :** नवी मुंबई के इस मेट्रो 1 रूट में 11 स्टेशनों को शामिल किया गया है। इन स्टेशनों में सीबीडी - बेलापुर, सेक्टर 7, सिडको साइंस पार्क, उत्सव चौक, खारघर सेक्टर 11, खारघर, सेक्टर 14, खारघर सेंट्रल पार्क, पेठपाड़ा, खारघर सेक्टर 34, पचानंद और पेंडार-तलोजा शामिल हैं। यह मेट्रो रूट नवी मुंबई के पूरे अंदरूनी हिस्से से होकर गुजरता है। यह मार्ग खारघर नोड के साथ कलंबोली, रोडपाली और तलोजा क्षेत्र के लिए बहुत फायदेमंद होगा।

यदि आपको
दो बजे दोपहर
अख़बार में विज्ञापन देना
हो तो संपर्क करें
9892161162

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| चांदी (.999) | 76,500 |
| सोना स्टैंडर्ड | 62,960 |

### मौसम

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 32.0-27.0 | 48% |

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | शनिवार | 06:00 बजे |
| सूर्योदय | रविवार | 06:47 बजे |

## बालासाहेब की पुण्यतिथि पर शिंदे व उद्धव गुट आमने-सामने

दीपक पवार । मुंबई

शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की 11वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई गई। भाजपा समेत विभिन्न दलों की ओर से बालासाहेब का हमेशा सम्मान किया जाता रहा है। यही कारण है कि उन्हें हर कोई याद करता है। हालांकि, बालासाहेब पर हक को लेकर शिवसेना के शिंदे गुट और उद्धव गुट के बीच एक बार फिर से ठन गई है। गुरुवार को शिवसेना के शिंदे गुट और उद्धव गुट फिर से सामने आ गए थे। ये घटना तब हुई जब मुख्यमंत्री शिंदे, बाल ठाकरे को श्रद्धांजलि देने दादर के शिवाजी पार्क स्थित स्मारक पहुंचे। शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए कि पार्टी उनकी है। वहीं, इसके जवाब में उद्धव गुट के नेताओं ने गद्दारों वापस जाओ के नारे लगाए।



### शिंदे-उद्धव गुट के 60 लोगों पर FIR

शिवाजी पार्क पुलिस ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गुट के 50 से 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ दंगा करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं की है और मामले की जांच करने की बात कह रही है।

### एकनाथ शिंदे का उद्धव ठाकरे पर हमला

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को फोर्ट के रीगल सिनेमा चौक पर शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि के मौके पर उनके भव्य प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए ठाकरे समूह के प्रमुख उद्धव ठाकरे की आलोचना की। (पेज-3 भी देखें)



FARNAZ

# लता मंगेशकर संगीत विद्यालय की बुनियाद रखेंगे सीएम एकनाथ शिंदे

दोपहर संवाददाता । ठाणे



कई माह से प्रतीक्षित लता मंगेशकर संगीत विद्यालय के निर्माण की शुरुआत आगामी 19 नवंबर को ठाणे में होने जा रही है । राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार 19 नवंबर को इस संगीत विद्यालय की आधार शिला रखने जा रहे हैं ।

ठाणे मनपा के सूत्रों के अनुसार मनपा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास की इस योजना के तहत विधायक प्रताप सरनाईक के प्रयासों से ठाणे मनपा क्षेत्र के वर्तकनगर स्थित रेप्टोक्रॉस आरक्षित भूखंड पर आयोजित होने वाले समारोह में आयोजित भारत रत्न स्व. लता दीनानाथ मंगेशकर संगीत विद्यालय (गुरुकुल) का शिलन्यास रविवार, 19 नवम्बर को मुख्यमंत्री भूमिपूजन एकनाथ शिंदे के हाथों से होगा। भूमिपूजन समारोह वर्तकनगर में स्कूल के निर्माण स्थल पर आयोजित किया जाएगा। वहीं, पोखरण रोड नं. 01 पर सिंघानिया स्कूल के सामने पैदल यात्री पुल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मुख्य समारोह का समापन सुबह 11 बजे काशीनाथ घाणेकर थिएटर में होगा। शहर में पुराने कुओं की वैज्ञानिक सफाई और पुनर्निर्माण, साथ ही अमृत 2.0 योजना के तहत वर्तकनगर-लोकमान्य नगर, घोड़बंदर क्षेत्र में जल आपूर्ति वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के लिए परियोजना का शुभारंभ, डिजिटल बोर्ड का निर्माण, संगीतमय फव्वारे का निर्माण और सौंदर्यीकरण मुख्य समारोह में तालाबों में सड़कों के सौंदर्यीकरण, रेलिंग लगाने के कार्य का ऑनलाइन शुभारंभ किया जायेगा।

### ये रहेंगे उपस्थित

इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, उप मुख्यमंत्री अजित पवार, केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल, राज्य के उत्पाद शुल्क मंत्री और ठाणे के संरक्षक मंत्री शंभुराज देसाई, लोक निर्माण मंत्री, तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण रवीन्द्र चव्हाण भी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही वरिष्ठ गायिका श्रीमती उषा मंगेशकर, वरिष्ठ गायिका एवं संगीतकार श्रीमती मीना खादिकर, वरिष्ठ गायक आदिनाथ मंगेशकर, संगीतकार मयूरेश पई विशिष्ट अतिथि होंगे।

# वागले स्टेट की छठ पूजा में महाआरती करेंगे एकनाथ शिंदे

## इस बार नहीं होगा नाच गाना

दोपहर संवाददाता । ठाणे



आस्था के पर्व छठ पूजा 2023 की जोरदार तैयारी मुंबई ठाणे एवं उपनगरों में हो रही है। ठाणे के उत्तर भारतीय बहुल इलाके वागले इस्टेट के रायलादेवी तालाब पर राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हांथो छठ मइया की महाआरती की जाएगी।

ठाणे जिला शिवसेना के उत्तरभारतीय संगठक शशि यादव ने बताया कि लोकआस्था के पर्व छठ पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम पर ज्यादातर नाच गाना होता है, इससे समाज में गलत संदेश जाता है, इसलिए पहली बार छठ मैया की महाआरती की जाएगी। इसके साथ रायलादेवी के तट पर गंगा और नर्मदा आरती भी होगी।

### महाआरती के लिए बनारस और एमपी से आएंगे लोग

इस भव्य महाआरती के लिए वाराणसी एवं एमपी से आरती के लिए लोगों को बुलाया गया है। रविवार को शाम 5 बजे होने वाली इस महाआरती में स्वयं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं अन्य लोग शामिल होंगे। ठाणे जिला शिवसेना के उत्तर भारतीय संगठक शशि यादव, शहर संगठक विजय पांडेय के मार्गदर्शन में पहली बार हो रही छठ मइया महाआरती की तैयारी हो रही है।

# ठाणे सिविल अस्पताल में रक्त का संकट

दोपहर संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिला सिविल अस्पताल ने नागरिकों से आगे आकर रक्तदान करने की अपील की। अस्पताल रक्त की गंभीर कमी का सामना कर रहा है। अस्पताल की ओर से शुक्रवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि उसका रक्त का भंडार केवल एक सप्ताह तक चलेगा, जिसका कारण दानदाताओं में भारी गिरावट है। अस्पताल ने कहा कि उसके पास ए-पॉजिटिव रक्त का स्टॉक काफी कम था।



### सिविल सर्जन डॉ. कैलास पवार की अपील

सिविल सर्जन डॉ. कैलास पवार ने ठाणे के नागरिकों से अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान करने और लोगों की जान बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक 24 घंटे चालू है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में हर दिन कई गरीब मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है और सर्जरी के लिए रक्त उनके ब्लड बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है।

# मोटरसाइकिलों की भयानक टक्कर, दो लोगों की मौत, दो घायल

दोपहर संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दो मोटरसाइकिलों की भयानक टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जिला ग्रामीण पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को शाहपुर के पास बामने फाटा में हुई। शाहपुर पुलिस थाने के प्रभारी के अनुसार, तकदीर मुकने (30) और उसके पीछे बैठा शख्स विपरीत




दिशा से आ रही अन्य मोटरसाइकिल से टकरा गए। हादसे में मुकने और दूसरी बाइक पर सवार सागर गोरे (32) की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दोनों मोटरसाइकिल पर चालक के पीछे बैठे दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी मुंबई और अहमदाबाद के बीच सुपरफास्ट विशेष ट्रेनें

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से मुंबई और अहमदाबाद के बीच सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ये ट्रेनें विशेष किराये पर चलेंगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री सुमित ठाकुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः 1. ट्रेन नंबर 09001/09002 बांद्रा टर्मिनस - अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल (2 फेरे)

ट्रेन संख्या 09001 बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद स्पेशल शनिवार, 18 नवंबर, 2023 को 23.45 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 07.20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन नंबर 09002 अहमदाबाद-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल सोमवार, 20 नवंबर को सुबह 04.00 बजे अहमदाबाद से प्रस्थान करेगी और उसी दिन 12.10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत और वडोदरा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

# मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोगों की मौत, कई लोग गंभीर रूप से घायल

दोपहर संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ग्रामीण पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि को शाहपुर के पास बामने फाटा में हुई। शहापुर पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस अधिकारी के अनुसार, तकदीर मुक्ने (30) और उसके पीछे एक सवारी बैठा हुआ एक दोपहिया वाहन विपरीत दिशा से




आ रही एक मोटरसाइकिल से टकरा गया। हादसे में मुक्ने और दूसरी बाइक पर सवार सागर गोरे (32) की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कल्याण डोंबिवली नगर निगम में प्रथम महिला आयुक्त के रूप में डॉ. इंदुरानी जाखड़ नियुक्त

दोपहर संवाददाता । कल्याण

कल्याण-डोंबिवली नगर निगम के आयुक्त डॉ.भाऊसाहेब दांगड़े का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह डॉ. इंदुरानी जाखड़ को नगर निगम आयुक्त नियुक्त किया गया है।

नगर आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी के स्थानांतरण के बाद आयुक्त दांगडे ने 13 जुलाई 2022 को नगर निगम आयुक्त पद का कार्यभार संभाला था। दांगडे राज्य की शिंदे फड़णवीस सरकार के चहेते




कमिश्नर थे। दांगडे 1 साल 3 महीने तक मनपा आयुक्त के पद पर रहे। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं को गति देने का काम किया। दांगडे को राज्य सरकार पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक का पद दिया गया है। जाखड़ राज्य सरकार के महिला विकास विभाग में कार्यरत थी। सरकार ने उस विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी अपने पास रखते हुए उन्हें कल्याण डोंबिवली नगर निगम के आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी है। जाखड़ कल्याण डोंबिवली नगर निगम की स्थापना से लेकर अब तक की पहली महिला आयुक्त हैं।

# रिहायशी इलाके में दिखा तेंदुआ

दोपहर संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक गांव में सीसीटीवी कैमरे में एक तेंदुआ देखा गया, जिसके बाद वन अधिकारियों ने इसकी खोजबीन शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल्याण-मुरबाड मार्ग पर काम्बा-वरप गांव में एक निजी कंपनी के परिसर में लगे एक क्लोज-सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे में बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात को जंगली जानवर की गतिविधियां दर्ज हुई थीं।



### वन अधिकारियों ने शुरू की तलाश

उन्होंने बताया कि तेंदुए की मौजूदगी को देखते हुए वन अधिकारियों ने तलाश शुरू कर दी। बृहस्पतिवार सुबह छह बजे तक चले तलाशी अभियान के बाद भी तेंदुए का पता नहीं लगाया जा सका। कल्याण रेंज के वन अधिकारी रघुनाथ चन्ने ने बताया कि जंबुल, अंबरनाथ, नलिम्बी, रायते, काम्बा और पतरपाड़ा गांवों के निवासियों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

# 173 करोड़ 9 लाख रुपए खर्च से होगा सत्तर सावंगा बैराज का निर्माण



**मुंबई।** वाशिम के मंगरूलपीर तहसील के सत्तर सावंगा बैराज के निर्माण के लिए 173 करोड़ 9 लाख रुपए खर्च को प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। यह बैराज विदर्भ सिंचाई विकास महामंडल के गोदावरी घाटी के पैनगंगा उपघाटी के धामणी गांव के पास अडाण नदी पर बनाया जाएगा। इससे वाशिम के सत्तर सावंगा, धामणी, खडी, पिंपलशेंडा, एकांबा और आमगव्हाण इन छह गांवों के 1345 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित हो सकेगा। इस इलाके के सिंचाई का अनुशेष दूर हो सकेगा।

# 965 करोड़ रुपए फसल बीमा की अग्रिम राशि वितरित



दोपहर संवाददाता । मुंबई

**मुंबई।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अग्रिम राशि के रूप में किसानों 965 करोड़ रुपए वितरित कर दी गई है। मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि विभाग ने यह जानकारी दी। कृषि विभाग ने बताया कि अभी तक 47 लाख 63 हजार नुकसान भरपाई के आवेदनों को मंजूरी मिली है। इसके तहत कुल 1 हजार 954 करोड़ रुपए का वितरण किया जाना है। कृषि विभाग ने बताया कि राज्य के बीड़, बुलढाणा, वाशिम, नंदूरबार, धुलिया, नाशिक, अहमदनगर, पुणे और अमरावती को मिलाकर कुल 9 जिलों में बीमा कंपनियों की आपत्ति पर सुनवाई शुरू है। राज्य में रबी फसलों की 58 लाख 76 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई होती है। लेकिन मिट्टी में नमी होने के कारण लगभग 13 लाख 50 हेक्टेयर क्षेत्र में ही बुवाई हुई है। जबकि पिछले साल अभी तक 15 लाख 11 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी की बुवाई हुई थी। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि विभाग की ओर से यह जानकारी दी गई। फिलहाल राज्य में ज्वार की 45 प्रतिशत और चने की 26 प्रतिशत बुवाई हुई है।

# अदालत ने वैभवी एसआरए सहकारी हाउसिंग सोसाइटी की याचिका पर की टिप्पणी

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि भूमि पर अतिक्रमण करने वाले झोपड़ाधारक मुफ्त आवास की मांग करते हैं, लेकिन वेतनभोगी व्यक्तियों को ऐसी कोई राहत नहीं मिलती है। अदालत ने वैभवी एसआरए सहकारी हाउसिंग सोसाइटी की याचिका पर यह टिप्पणी की है।

न्यायमूर्ति जी.एस.पटेल और न्यायमूर्ति कमल खाता की खंडपीठ ने वैभवी एसआरए सहकारी हाउसिंग सोसाइटी की याचिका पर प्रतिकूल रुख अपनाया, जिसमें उनके झोपड़े के बदले मुफ्त वैकल्पिक आवास और ट्रांजिट का किराया की मांग की थी। झोपड़ावासियों को उनके झोपड़े से बेदखल किया जा रहा है। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा कि वे मांग करने की स्थिति में हैं और इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है और कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए। यहां तक कि कोर्ट को भी फर्क नहीं पड़ता कि शहर



में काम करने वाले वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसमें अदालत और सरकार के वेतन भोगी कर्मचारी शामिल हैं। यह वे वेतन भोगी कर्मचारी हैं, जो नियमित रूप से अपने भविष्य निधि और अन्य बचत समेत किसी भी स्रोत से पैसा निकालते हैं और जिन्हें कर्ज को ईएमआई के रूप में भारी मात्रा में भुगतान करना पड़ता है। उन्हें कोई मुफ़्त घर नहीं देता। कोई भी उन्हें ट्रांजिट किराया या किसी भी प्रकार की वित्तीय राहत नहीं देता है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील मिलिंद साठे और वकील अभिनव चंद्रचूड़ तर्क दिया कि भूमि के निवासियों को सितंबर 2021 से ट्रांजिट किराया का भुगतान नहीं किया गया है। उनका बकाया राशि 10 करोड़ रुपए से अधिक है। बिल्डर की ओर से पेश हुए सिमिल पुरोहित ने कहा कि बिल्डर दिसंबर 2023 तक देय ट्रांजिट किराए का भुगतान करेगा। हालांकि यह डेवलपर्स द्वारा प्रस्तावित योजनाओं पर सहमति देने वाली सोसायटी के अधीन होगा। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने पहले डेवलपर और उसके द्वारा प्रस्तावित योजनाओं को जारी रखने पर आपत्ति जताई थी।

# आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**दहानू।** दहानू आरपीएफ ने बोईसर,वानगांव,दहानू ,घोलवड़ रेलवे स्टेशनों पर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया है।यह अभियान मेल एक्सप्रेस ट्रेन व लोकल ट्रेनों में चलाया गया। दहानू आरपीएफ के प्रभारी कपिल चौहान ने बताया कि अभियान मुख्य उद्देश्य यह है कि यात्रा के दौरान यात्रियों को किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना का सामना न करना पड़े। ऐसे में आरपीएफ द्वारा विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनें व लोकल ट्रेनों की चेकिंग कर रही है।

इसी कड़ी में उपनिरीक्षक पीएन सिंह और उनकी आरपीएफ टीम ने मेल व एक्सप्रेस ट्रेन और लोकल ट्रेनों में जागरूकता और चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ भी अप्रत्याशित नहीं मिला।आरपीएफ के अधिकारियों ने यात्रियो को बताया है कि सफर के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे,पेट्रोल,गैस सिलेंडर ले जाना सख्त मना है। इससे रेल संपत्ति एवं जानमाल का नुकसान हो सकता हैं।

# बेटी से दुष्कर्म, पिटाई के बाद बेटी की मौत

दोपहर संवाददाता । नालासोपारा

नालासोपारा में एक कलयुगी बाप की शर्मसार कर देने वाली करतूत सामने आई है। आरोपी पिता ने अपनी ही क्षय रोग से पीड़ित बेटी को घर में बंधक बनाकर उसके दुष्कर्म करता। बेटी जब उसका विरोध करती तो वह उसकी बुरी तरह पिटाई करता, जिसके कारण पीड़िता की उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

### केस डायरी

मिली जानकारी के मुताबिक 22 वर्षीय पीड़िता अपने माता पिता के साथ रहती थी। वह पिछले 3 माह से क्षयरोग से पीड़ित थी। उन्हें 11 नवंबर को मुंबई के



जेजे अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था।लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद पीड़िता की मां ने पुलिस में आरोपी पिता पर केस दर्ज करवाने की हिम्मत की।पुलिस को उन्होंने ने बताया कि पीड़िता के 54 वर्षीय पिता ने उनकी बेटी से बलात्कार किया और उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। बेटी के साथ उसका पिता लगातार दुष्कर्म करता रहा। और जान से मारने की धमकी दे रहा था। वह उसे बंधक बना कर रखता था। इसी दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई।आरोपी पिता ने उसका जबरन गर्भपात करा दिया था।इस बीच,पीड़िता के पिता क्षयरोग से संक्रमित होने के बाद भी बेटी के साथ दुर्व्यवहार करते रहे। बेटी की मौत के बाद मां ने हिम्मत करके पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। महिला का आरोप है, कि आरोपी की पिटाई से ही बेटी की मौत हुई है। पुलिस शिकायत मिलने के बाद आरोपी पिता के खिलाफ धारा 376(एन), 354 (अ ) के साथ ही 342, 322, 323, 504, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

# आइसक्रीम कंपनी के पूर्व निदेशकों को राहत

## ईडी ने 9 करोड़ की संपत्ति को जब्त करने का भेजा था नोटिस

दोपहर संवाददाता । मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पुणे के आइसक्रीम कंपनी के पूर्व निदेशक रवि अय्यास्वामी रामसुब्रमण्यम और उनकी पत्नी मिनाक्षी की 9.77 करोड़ रुपए की संपत्ति 10 दिनों में जब्त करने का नोटिस भेजा है। बॉम्बे हाई कोर्ट से उन्हें 15 दिनों की राहत मिली है। उन पर महाराष्ट्र के पुणे में आइस्ड डेसर्ट एंड फूड पार्लर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (आईडीएफपीएल) में




38.68 करोड़ रुपए की हेराफेरी का आरोप है।

### 15 दिनों का समय दिया

न्यायमूर्ति जी.ए.सानप और न्यायमूर्ति मंजुशा अजय देशपांडे की अवकाश कालीन खंडपीठ के समक्ष शुक्रवार को रवि अय्यास्वामी रामसुब्रमण्यम और उनकी पत्नी मीनाक्षी की ओर से वकील स्वप्निल अंबुरे की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील अंबुरे ने कहा कि आइसक्रीम कंपनी के पूर्व निदेशक रामसुब्रमण्यम किडनी की समस्या से जूझ रहे हैं। ईडी ने 8 नवंबर को उनकी संपत्ति जब्त करने की 10 दिनों की नोटिस भेजी। जबकि ईडी को कम से कम 45 दिनों का नोटिस भेजना चाहिए थे, जिससे वह दिल्ली स्थित ईडी के कार्यालय में जाकर अपील कर सकते हैं। उन्होंने हाई कोर्ट से तीन सप्ताह का समय देने की मांग की। ईडी की ओर से पेश हुए विशेष वकील हितेन वेनगांवकर ने उन्हें तीन सप्ताह का समय देने का विरोध किया। खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को अपील के लिए 15 दिनों का समय दिया है।

### हेराफेरी का आरोप

ईडी ने इस साल 16 मई को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आइसक्रीम कंपनी के पूर्व निदेशक रवि अय्यास्वामी रामसुब्रमण्यम और उनकी पत्नी मीनाक्षी की 9.77 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी। इन्हीं संपत्तियों को जब्त करने की नोटिस भेजी गयी है। पुणे की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने आईडीएफपीएल से 38.68 करोड़ रुपए की कथित हेराफेरी के लिए रवि अय्यास्वामी रामसुब्रमण्यम और उनकी पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया था। ईडी इस मामले के आधार पर मनी लांड्रिंग की जांच कर रही है।

# घर-घर तलाशे जाएंगे टीबी और कुष्ठ रोगी

**बीएमसी ने तैनात किए 3 हजार 117 कर्मी**

**11.88 लाख घरों की होगी जांच**

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बीएमसी प्रशासन ने मुंबई को टीबी और कुष्ठ रोग से मुक्त कराने के लिए एक अभियान छेड़ने का फैसला किया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए महानगर में 3 हजार 117 स्वास्थ्य कर्मियों के दस्ते तैनात किए गए हैं, जो घर-घर जाकर टीबी और कुष्ठ रोगियों की तलाश करेंगे। ये मुहिम 20 नवंबर से 6 दिसंबर 2023 तक चलाई जाएगी। कुल 11 लाख 88 हजार घरों में अनुमानित 4.9 लाख लोगों की जांच की जाएगी।


बीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार मनपा क्षेत्र में वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार वर्ष 2030 तक कुष्ठ रोग उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 3 हजार 117 लोगों की टीमों का गठन किया गया है। इस टीम द्वारा जांच के दौरान पाए गए नए रोगियों का पंजीयन किया जाएगा। इन मरीजों को बीएमसी के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों, क्लीनिकों और अस्पतालों में भर्ती कराया जाएगा। इसके बाद आगे की स्वास्थ्य जांच और इलाज निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### टीबी मरीजों के लिए विशेष सुविधाएं

बीएमसी के सभी 24 डिवीजनों में 28 सीबीएनएएटी चिकित्सा प्रयोगशालाओं में संचालित 42 सीबीएनएएटी मशीनों के माध्यम से टीबी रोगियों को सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं। मुंबई में टीबी रोगियों के लिए 211 स्वास्थ्य केंद्र और 186 क्लीनिक, 16 सामान्य अस्पताल, 5 मेडिकल कॉलेज और 200 निजी क्लीनिक काम कर रहे हैं। मल्टी ड्रग प्रतिरोधी टीबी रोगियों के लिए पूरे मुंबई में 27 डीआर टीबी उपचार केंद्र हैं। इनमें से 7 डीआर टीबी उपचार केंद्र निजी हैं। केंद्रीय टीबी रोग विभाग के माध्यम से मरीजों के बैंक खाते में 500 रुपए प्रति महीने जमा किए जाते हैं।

### कुष्ठ रोगियों का मुफ्त इलाज

कुष्ठ रोगियों के इलाज के लिए भी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त सुविधा है। कुष्ठ रोग दो प्रकार का होता है। गैर-संक्रामक कुष्ठ रोग और संक्रामक कुष्ठ रोग। बहु-औषधि उपचार से कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो सकता है। गैर-संक्रामक मरीजों को 6 महीने और संक्रामक रोगियों को 1 वर्ष की अवधि के लिए दवा दी जाती है।



### टीबी रोग के लक्षण

14 दिन से अधिक खांसी, शाम को बुखार, वजन में कमी, बलगम में खून, सीने में दर्द, गर्दन में सूजन टीबी के लक्षण हैं। सामान्य दवा लेने पर भी ये लक्षण ठीक ना होना टीबी का संकेत है। ऐसे में तुरंत नज़दीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच करनी चाहिए।

### कुष्ठ रोग के लक्षण

रोगियों की त्वचा पर हल्के व लाल रंग के धुंधले धब्बे या निशान। मोटी, सुस्त तैलीय चमकदार त्वचा, कानों का मोटा होना, भौंहों के बालों का पतला होना, हथेलियों और तलवों में झुनझुनी, सुन्नता और चोट, टेढ़ी उंगलियां, हाथ और पैरों में कमजोरी, चलते समय चप्पल गिरना आदि लक्षण शामिल हैं।

### स्वास्थ्य कर्मियों से सहयोग की अपील

डॉ. दक्षा शाह, बीएमसी की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है कि इस अभियान में प्रारंभिक जांच के दौरान पाए गए टीबी और कुष्ठ रोग के संदिग्धों की जांच नजदीकी मनपा अस्पताल में की जाएगी। टीबी रोग के लिए बलगम जांच और एक्स-रे जांच मुफ्त की जाएगी। घर-घर स्वास्थ्य जांच के लिए आने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का लोग सहयोग करें। बीमारी के लक्षण दिखने पर मरीज शीघ्र मनपा या सरकारी अस्पताल से संपर्क करें और बिना घबराए इलाज कराएं।

# ... 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' की याद आती है: कोर्ट

दोपहर संवाददाता | मुंबई



बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने उस व्यक्ति को राहत देने से इनकार कर दिया, जिसे नीट परीक्षा में बैठने की इसलिए अनुमति नहीं दी गई क्योंकि उसके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। अदालत ने कहा कि कई अभ्यर्थी मेडिकल परीक्षाओं में कदाचार का सहारा लेते हैं और यह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' फिल्म की याद दिलाता है।

### क्या है मामला ?

न्यायमूर्ति आर वी घुगे और न्यायमूर्ति वाई जी खोबरागड़े की खंडपीठ ने 31 अक्टूबर के अपने फैसले में 49 वर्षीय चिकित्सक श्यामसुंदर पाटिल द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी, जिसमें राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वह उनके लिए सुपर स्पेशलिटी 2023 परीक्षा के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) आयोजित करे। पाटिल को सितंबर में हैदराबाद में परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी क्योंकि उनके पास मेडिकल काउंसिल द्वारा जारी स्थायी पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति भौतिक रूप में नहीं थी। पाटिल ने दावा किया कि उनके फोन पर इसकी एक प्रति थी लेकिन चूंकि परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन प्रतिबंधित था, इसलिए उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि, पीठ ने कहा कि प्राधिकारियों को दोष नहीं दिया जा सकता।

# ग्रांट रोड इलाके के इमारत में लगी भीषण आग



दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के मुंबई के ग्रांट रोड इलाके के पास एक इमारत में भीषण आग लग गई है। जानकारी के मुताबिक ये आग इमारत के 11वीं और 12वीं मंजिल पर लगी है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची। यह लेवल 2 की आग थी। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

# 'अगर बाला साहेब आज होते तो PM मोदी को शाबाशी देते'

**एकनाथ शिंदे का बड़ा बयान**

**उद्धव ठाकरे पर भी बोला हमला**

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को फोर्ट के रीगल सिनेमा चौक पर शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि के मौके पर उनके भव्य प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए ठाकरे समूह के प्रमुख उद्धव ठाकरे की आलोचना की। साथ ही उन्होंने राम मंदिर मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि अगर बाला साहेब ठाकरे आज जीवित होते तो नरेंद्र मोदी की सराहना करते।

एकनाथ शिंदे ने कहा, "हम राज्य के सभी घटक और आम आदमी को राहत देने के लिए काम कर रहे हैं। हम इस राज्य के समग्र विकास का काम कर रहे हैं। हम राज्य में बंद पड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। आपने एक नया प्रोजेक्ट शुरू किया। नई योजनाएं शुरू की गई हैं।" उन्होंने कहा, "हम बालासाहेब ठाकरे की प्रेरणा और शिक्षाओं के कारण ही ऐसे फैसले लेते हैं।"



### शिंदे और ठाकरे गुट के बीच हुए विवाद पर प्रतिक्रिया

एकनाथ शिंदे ने बाला साहेब ठाकरे के स्मारक स्थल पर शिंदे और ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं के बीच हुए विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "मैं स्वयं, हमारे विधायक, सांसद, पदाधिकारी, कार्यकर्ता कल स्मारक स्थल पर गए थे ताकि बालासाहेब के स्मृति दिवस पर कोई विवाद या संघर्ष उत्पन्न न हो। मैंने वहां माथा टेका, दर्शन किये। हम वहां से चले आये। जब हमारे लोग दर्शन करके जा रहे थे तो ठाकरे गुट के लोग वहां आये और उन्होंने मौके पर माहौल बिगाड़ने का काम किया। वास्तव में उन्हें वहां आने की जरूरत नहीं थी।"

### 'बालासाहेब ने की होती मोदी की सराहना'

मीडिया से बात करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा, "अयोध्या में जल्द ही राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। बाला साहेब ठाकरे की जयंती की पूर्व संध्या पर राम मंदिर का उद्घाटन किया जा रहा है। ये भी एक संयोग है। बाला साहब का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर बने, वैसे ही लाखों-करोड़ों राम भक्तों का भी सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर बने। राम भक्तों के इस सपने को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। दरअसल, इस साल की सच्ची श्रद्धांजलि बाला साहेब ठाकरे को होगी। सीएम शिंदे ने दावा किया कि अगर आज बाला साहेब ठाकरे मौजूद होते तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते।"

### हमने सभी से शांत रहने की अपील की

एकनाथ शिंदे ने कहा, "मैं आज भी मुख्यमंत्री के रूप में वहां जा सकता था। हमारे कार्यकर्ता भी जा सकते थे। लेकिन बहस नहीं, अच्छे कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की असभ्य वर्तन नहीं। ये वो बातें हैं जो बाला साहेब को पसंद नहीं थीं। कल जो हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था। मैंने कल इसकी निंदा की। हमने सभी से शांत रहने की अपील की है। हम बाला साहेब की शिक्षाओं को लागू करने के लिए काम कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में जब वे (उद्धव ठाकरे) सत्ता की कुर्सी पर बैठे, तभी उन्होंने बालासाहेब के विचारों की आहुति दे दी थी। आज हम बालासाहेब के विचारों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# 'मुंबई के हर क्षेत्र में एक अभियान के तौर पर सफाई की जाए'

**मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिए निर्देश**

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त को बीएमसी के माध्यम से मुंबई शहर और उपनगरों के सभी रेलवे स्टेशनों पर शौचालयों की सफाई करने का निर्देश मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यहां दिया। वर्षा आवास पर हुई बैठक में मुंबई शहर में साफ-सफाई और प्रदूषण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर मुंबई के रेलवे स्टेशनों के शौचालयों को लेकर भी चर्चा हुई थी. मुख्य सचिव मनोज सौनिक, मनपा आयुक्त आई. एस. चहल, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के. एच. गोविंदराज और मनपा के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. सुधाकर शिंदे उपस्थित थे।

### प्रमुख सड़कों, फुटपाथों, चौराहों को नियमित रूप से साफ करने का निर्देश



मुंबई की प्रमुख सड़कों, फुटपाथों, चौराहों को नियमित रूप से साफ किया जाना चाहिए। उसके लिए अधिक मैन पावर तैनात करने का निर्देश दिया गया है। शहर और परिसर के प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए जो उपाय योजनाएं बनाई गई हैं, उन पर प्रभावी अमल किए जाने का निर्देश मुख्यमंत्री शिंदे ने इस अवसर पर दिया। मुंबई को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एक अभियान के रूप में काम करते हुए हर इलाके में सड़कों, फुटपाथों और गटर को साफ करने के लिए प्रतिदिन 50 से 100 कर्मचारी साफ- सफाई का काम करते हैं। अन्य क्षेत्रों से कामगार को वहां बुलाकर साधारण तौर पर एक हजार कामगारों से उस क्षेत्र की सफाई कराई जाए।

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा

इस प्रकार दिसंबर महीने से मुंबई के प्रत्येक क्षेत्र में अभियान के रूप में काम करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया। इस मौके पर उन्होंने मुंबई में प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। लाखों मुंबईकर प्रतिदिन लगभग 108 स्टेशनों से होकर उपनगरीय रेलवे से यात्रा करते हैं। रेलवे स्टेशनों पर शौचालयों का उपयोग यात्रियों द्वारा किया जाता है। ऐसे में शौचालयों में स्वच्छता हो और उनकी नियमित सफाई होती रही, इसके लिए मुंबई महानगरपालिका पहल करते हुए रेलवे प्रशासन को सहयोग करे, ऐसा निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक से टेलीफोन पर चर्चा की।

# पिता ने छीना मोबाइल तो 16 साल के लड़के ने दे दी जान

**मुंबई।** मोबाइल फोन और इंटरनेट ने लोगों की जिंदगी आसान कर दी है। इसके जरिए लोग हर समय एक-दूसरे के संपर्क में बने रह सकते हैं। एक मोबाइल फोन से कई तरह के काम लिए जा सकते हैं। किसी से बातचीत करने से लेकर खाली समय में गेम खेलने तक का काम लोग करते हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक को मोबाइल में नजरें गड़ाए देखा जा सकता है। लेकिन मोबाइल फोन बच्चों के लिए दुश्मन बन चुका है। इससे न केवल उनका कीमती समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि कई तरह की बीमारियां भी हो रही है। इनसे बचाने के लिए माता-पिता यदि कुछ कोशिश करते हैं, तो बच्चे खतरनाक कदम उठाने से भी परहेज नहीं करते। ऐसा ही एक दुखद मामला मुंबई में देखने को मिला है। जानकारी के मुताबिक, मुंबई के मालवणी में एक परिवार रहता है। 16 साल का एक लड़का अक्सर मोबाइल फोन में गेम खेलता रहता था। उसके माता-पिता इसे देखकर बहुत दुखी रहते थे। क्योंकि इसकी वजह से उसकी पढ़ाई पर प्रभाव पड़ रहा था। 16 नवंबर की रात की बात है। बच्चा हमेशा की तरह मोबाइल में नजरें जमाए हुए था। पिता ने उससे मोबाइल रखने के लिए कहा तो उसने अनसुना कर दिया। इसके बाद नाराज पिता ने उससे फोन छीन लिया। लड़का अपने पिता से लड़ने लगा। दोनों के बीच तीखी बहस हुई। इस दौरान उसने पिता को धमकी दी कि वो अपनी जान दे देगा। पिता को लगा कि उसने गुस्से में कहा होगा इसलिए उन्होंने उसकी धमकी गंभीरता से नहीं लिया।

### घटना को सुनकर हर कोई सन्न

17 नवंबर की रात को उस लड़के ने अपनी मां का दुपट्टा लिया। किचन में लटक रहे हुक में फंदा बनाकर झूल गया। कुछ देर बाद मां जब किचन में गई तो बच्चे को लटकता देखकर उनकी चीख निकल गई। आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल ने पुलिस को सूचित कर दिया। इसके बाद लड़के के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस घटना को सुनकर हर कोई सन्न है।

# भोपाल गैस त्रासदी पर बनी वेब सीरीज के प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने वेब सीरीज 'द रेलवे मैन-द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ भोपाल 1984' के प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और कहा कि इस घटना का विवरण पहले ही सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध है। न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की अवकाशकालीन पीठ ने 15 नवंबर को यूनियन कार्बाइड इंडिया के दो पूर्व कर्मचारियों की याचिकाओं को खारिज कर दिया जिन्होंने दावा किया था कि इस वेब सीरीज में उन घटनाओं का चित्रण किया गया है जिनकी वजह से त्रासदी हुई और इससे उनके प्रति पूर्वाग्रह हो सकता है। याचिकाकर्ताओं में से एक उत्पादन प्रबंधक के रूप में एमआईसी संयंत्र का प्रभारी था, और दूसरा यूसीआईएल के कीटनाशक कारखाने का प्रभारी था। याचिकाकर्ताओं सत्य प्रकाश चौधरी और जे मुकुंद को मामले में दोषी ठहराया गया था। बाद में उन्होंने दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की जो लंबित हैं। उच्च न्यायालय ने वेब सीरीज के प्रदर्शन पर स्थगन से इनकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता 'बहुत मजबूत और दमदार तरीके से प्रथम दृष्टया यह मामला बनाने में विफल रहे हैं कि वेब सीरीज में अपमानजनक, निंदनीय या अपमानजनक सामग्री है।'



मुंबई प्रवास पर सर्वव्यापी हिंदू सेवा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री एवं भूमि गौशाला के राष्ट्रीय महासचिव पंडित संदीप दुबे के साथ चाय पर चर्चा करते पत्रकार महानारायण मिश्रा धर्मेंद्र मिश्रा, मनीष दुबे, सुनील पांडे और ओम प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

# रालेगण सिद्धि से अन्ना हजारे करेंगे आंदोलन

**देश भर के सैनिक होंगे शामिल**

**मुंबई।** रालेगण सिद्धि में फिर अन्ना का आंदोलन होगा। देशभर से सैनिक सरकार के खिलाफ रालेगण सिद्धि में एकजुट होंगे। पूर्व सैनिक 19 नवंबर को रालेगण सिद्धि में विरोध प्रदर्शन करेंगे। सैनिकों के आंदोलन का मार्गदर्शन अन्ना हजारे करेंगे। 19 नवंबर को रालेगण सिद्धि में राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ हजारों सैनिक राज्य के किसानों को उनकी फसल का गारंटीशुदा मूल्य मिले, देश के जवानों का भविष्य संकट में न हो, जवानों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिले। ये सब उनकी मांगे होंगी।




### अन्ना हजारे के बारे में जानिए

दिल्ली में आंदोलन का जिक्र जब भी होता है अन्ना हजारे का नाम सबसे पहले आता है। अन्ना हजारे का असली नाम क्या है ये कम ही लोगों को मालूम है। किसन बाबूराव हजारे, जिन्हें अन्ना हजारे के नाम से जाना जाता है। अन्ना हजारे एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं जिन्होंने कई सामाजिक सुधारों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। उनका सबसे प्रसिद्ध काम सिस्टम में जन लोकपाल विधेयक की शुरूआत है, जिसने भारत में भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों की जांच के लिए एक लोकपाल स्थापित करने के लिए एक भ्रष्टाचार विरोधी कानून का प्रस्ताव रखा था।

### रालेगण सिद्धि के बारे में जानिए

बता दें, रालेगण सिद्धि पश्चिमी भारत में महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले के पारनेर तालुका में एक गांव है। यह पुणे से 87 किमी की दूरी पर स्थित है। गांव का क्षेत्रफल 982 .31 हेक्टेयर है। गांव ने वृक्षारोपण, मिट्टी के कटाव को कम करने, वर्षा जल को बनाए रखने के लिए नहरें खोदने जैसे कार्यक्रम चलाए हैं। ऊर्जा के लिए, गांव सौर ऊर्जा, बायोगैस (कुछ सामुदायिक शौचालय से उत्पन्न) और एक पवनचक्की का उपयोग करता है। इस परियोजना को ग्रामीण गणतंत्र के एक स्थायी मॉडल के रूप में पेश किया गया है।

**जाहीर नोटीस**

सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि श्री. विलास चंद्रकांत सोनार घोषणा करते हैं कि मेरे पिता कै. चंद्रकांत अनंत सोनार का १८/०९/२०१९ को निधन हो गया। उनकी मृत्यु के बाद कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में उनके पुत्र श्री. विलास चंद्रकांत सोनार और २ अन्य १) संजय चंद्रकांत सोनार-पुत्र २) रंजना चंद्रकांत सोनार-पत्नी सब का पता- फ्लॅट नं. एल.जी. ६ अे विंग, स्वप्न नगरी तळ मजला, बारावे रोड, कल्याण (प) हमारे अलावा कोई दूसरा वारिस नहीं है.'

उक्त जानकारी पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस बैंक के प्रधान कार्यालय में जमा की जानी है। यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया उक्त नोटिस के प्रकाशन की तिथि से १५ दिनों के भीतर सही साक्ष्य के साथ पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस बैंक कार्यालय कल्याण (ठाणे) से संपर्क करें, अन्यथा इस पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थान :- कल्याण
दि : १४/११/२०२३

हस्ताक्षर
श्री. विलास चंद्रकांत सोनार

संपादकीय

## गुरुता में गिरावट

भारतीय जीवन दर्शन में गुरु का इतना बड़ा स्थान रहा है कि विद्यार्थी तब असमंजस की स्थिति में होता है जब गुरु व गोविंद दोनों सामने खड़े होते हैं। वह पशोपेश में होता है कि गुरु व भगवान में से किसे पहले नमन करूं। यानी गुरु का स्थान ईश्वर तुल्य माना गया है। ऐसे में यदि कोई शिक्षक यौन कुंठा से ग्रसित होकर संतान तुल्य छात्राओं को यौन लिप्सा का शिकार बनाता है, तो यह अपराध के अलावा समाज में एक गहरे विश्वास का खंडित होना भी है। कितना विश्वास करते हैं लोग गुरुओं पर। पूजते हैं उन्हें। जींद के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रिंसिपल के उच्छृंखल यौन व्यवहार की खबरों ने हर किसी अभिभावक को विचलित किया। इस मामले के सार्वजनिक विमर्श में आने के बाद कुछ छात्राओं की संदिग्ध स्थितियों में मौत ने इस संकट के विस्तार को दर्शाया है। हालांकि, छात्राओं से अश्लील व्यवहार करने वाले प्रिंसिपल की गिरफ्तारी हो चुकी है और उसे निलंबित किया जा चुका है। लेकिन इस प्रकरण से गुरु-शिष्या के पवित्र रिश्ते को जो आंच आई है, उसकी भरपाई शायद ही हो पाए। यूं तो किसी भी पेशे में ऐसी काली भेड़ें एक-दो ही होती हैं, लेकिन क्या किया जाए एक मछली पूरे तालाब को गंदा भी तो करती है। बहरहाल, इस मामले में नित नये खुलासे हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस कुकृत्य में कुछ अन्य शिक्षक व कर्मचारी भी शामिल रहे हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग स्वयं सेवी संगठन कर रहे हैं। उनका कहना है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य मामले में गहन जांच की मांग करते हैं। दरअसल, इस मामले में विवाद तेज होने के बाद जींद के उपायुक्त द्वारा गठित यौन उत्पीड़न निवारण समिति ने प्रिंसिपल को कई मामलों में दोषी पाया। फिर चार नवंबर को पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच के बाद प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया था। निस्संदेह, इस मामले में कानून अपना काम कर रहा है, लेकिन इस प्रकरण में होने वाले नये खुलासे परेशान करने वाली तस्वीर पेश करते हैं। पीड़ित छात्राओं ने पहले राष्ट्रीय महिला आयोग को एक पत्र लिखा था। जिसके बाद इस मामले में विभागीय सक्रियता सामने आई। लेकिन सवाल उठता है कि क्यों स्थानीय स्तर पर उनकी शिकायतों को अनसुना किया जाता रहा है। बताया जाता है कि यौन दुर्व्यवहार का यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। कुछ छात्राओं से इस असामान्य व्यवहार की शिकायत अभिभावकों से करने के बाद उनका स्कूल बंद कर दिया गया था। तो बेटियां कैसे पढ़ेंगी, कैसे आगे बढ़ेंगी? वहीं एनजीओ से जुड़े कुछ कार्यकर्ता आरोप लगा रहे हैं कि इस प्रकरण में परिस्थितिजन्य साक्ष्य खासे आपत्तिजनक हैं। आरोप है कि स्टाफ के कुछ अन्य सदस्य इस कुत्सित खेल में शामिल रहे हैं। वे इस मामले में कानूनी जांच के दायरे में नहीं लाए गए हैं। यह भी तथ्य सामने आया था कि प्रिंसिपल के कमरे की खिड़कियों में काले रंग की फिल्म लगायी गई थी। वहीं सीसीटीवी कैमरे के दायरे में उसकी कुर्सी को कवर नहीं किया गया था। इसके अलावा उसके अपने कमरे में सीसीटीवी एक्सेस कंट्रोल सिस्टम स्थापित किया गया था। सवाल उठाये जा रहे हैं कि शिक्षा विभाग की लापरवाही से निर्दोष लड़कियों को यौन दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ा है। आरोप है कि अभियुक्त की पिछली तैनाती के दौरान भी दुष्कर्म के आरोप लगे थे। उसके बावजूद विभाग ने उसकी कारगुजारियों पर नजर नहीं रखी। बल्कि निरंकुश व्यवहार का मौका दे दिया। सवाल स्कूल के अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों पर भी उठा है कि इस घटनाक्रम के बावजूद वे मूक दर्शक बने रहे? विभाग ने तब भी सजगता नहीं दिखायी जब प्रिंसिपल कुछ अन्य शिक्षकों के साथ पचास छात्राओं को दूसरे शहर घुमाने ले गया था। बताते हैं कि इस बाबत छात्राओं पर कुछ न बोलने का दबाव भी डाला गया। सामाजिक संगठन इस मामले में गहन जांच की मांग कर रहे हैं।

# भारत के लिए जिनपिंग-बाइडेन भेंट के मायने अहम



गुरजीत सिंह

भारत-अमेरिका के बीच पांचवीं 2+2 बैठक पिछले हफ्ते हो चुकी है। अब ध्यान अमेरिका के सैन फ्रैंसिस्को में होने वाली एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर वार्ता के दौरान जिनपिंग-बाइडेन के बीच अलग से भेंट पर टिक गया है। चूंकि भारत-अमेरिका संबंधों का असर द्विपक्षीय संदर्भों से परे वैश्विक स्तर पर है, इसलिए जिनपिंग-बाइडेन भेंट के नतीजों पर भारत की काफी रुचि रहेगी। '2+2 बैठक' के स्वरूप को मिली द्विपक्षीय सफलता के चलते, भारत और अमेरिका अपनी साझेदारी को निरंतर विस्तारित कर रहे हैं। इसका सबूत है 2+2 वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान, जिसमें भारत की ओर से विदेशमंत्री एस. जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तो अमेरिकी विदेशमंत्री एंथनी ब्लिंकन और रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन उपस्थित थे। यह भेंट वार्ताएं समय-समय पर होती आई हैं और इन्होंने अपनी जगह बना ली है।

फिलहाल वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल 'हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचा' विषय पर चर्चा के लिए अमेरिका गए हुए हैं, जिस पर काम तेजी से चल रहा है। इसलिए, भारत के तीन वरिष्ठ मंत्री इस वक्त अमेरिका से सीधा संवाद में हैं, उम्मीद है चीन से पुनः रिश्ते सुधारते वक्त अमेरिका भारत के हितों को ध्यान में रखेगा। जिनपिंग-बाइडेन भेंटवार्ता नई दिल्ली में सितम्बर माह में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में नहीं हो पाई थी क्योंकि चीनी राष्ट्रपति ने अनुपस्थित रहना चुना था। चीनी-अमेरिकी राष्ट्रपतियों की आखिरी भेंट नवम्बर, 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी-20 की बैठक में हुई थी। उसके बाद एक साल बीत गया और इस दौरान दुनिया में बहुत कुछ घटा, यूक्रेन युद्ध के अलावा अब पश्चिम एशिया में संकट उभर आया है।

चीन और अमेरिका एक-दूसरे का आकलन बहुत गहनता से कर रहे हैं और पुनः बातचीत से पहले उन पैमानों और शर्तों पर विचार कर रहे हैं, जो उनके हितों के माफिक बैठते हों। मुख्य बात यह है कि आगामी बैठक में ये किस हद तक फलीभूत हो पाएंगे। भारत भी, बड़े मुद्दे जैसे कि पर्यावरण बदलाव, अक्षय ऊर्जा, कोविड उपरांत आर्थिकी की पुनर्स्थापना, नौवहनीय सुरक्षा और सतत विकास ध्येय इत्यादि पर सहयोग बनाना चाहेगा। यह साफ नहीं है कि अमेरिका-चीन में किसका नज़रिया ज्यादा भारी रहेगा, क्योंकि इन मुद्दों पर चीन ने अपनी ओर से अलग लाइन अपना रखी है और उसे इन विषयों में अमेरिका का दबदबा स्वीकार्य नहीं है। चीन के साथ अपने विवादों के चलते, भारत अमेरिका का साझेदार बनने का इच्छुक है। बृहद वैश्विक मुद्दों पर, जनहित की खातिर, अवश्य ही अर्थपूर्ण साझेदारी बनकर उभरने की संभावना है। फिर प्रतिद्वंद्विता वाला अवयव भी है। अमेरिका और यूरोपियन यूनियन को यकीन है कि चीन अपनी हैसियत से कहीं बड़ा होता जा रहा है, और वे उसकी आर्थिकी एवं तकनीकी तरक्की को नाथकर, विश्व व्यवस्था में अपने प्रतिद्वंद्वी की उभरने की संभावना घटाना चाहते हैं। साथ ही, वे चीन को लोकतंत्र, मानवाधिकार जैसे मुद्दे पर घेरकर चुनौती देना चाहते हैं। चीन भी अमेरिका को जमकर चुनौती दे रहा है और विश्व व्यवस्था को लेकर अपना नज़रिया आगे बढ़ा रहा है। तरक्की का उसका अपना रास्ता है और अपनी अलहदा राजनीतिक प्रणाली भी। भारत को भी उससे दरपेश चुनौतियों की ताव सहनी पड़ रही है इसलिए अमेरिका और उसके सहयोगियों के साथ निकटता बनाकर चलना चाहता है। जिस ढंग से क्वाड ने पिछले दो सालों से अधिक अवधि में अपनी जगह मजबूत की है, उससे वह चीन के तौर-तरीकों को अपनी चुनौती पेश कर रहा है। क्वाड का नज़रिया वर्तमान में हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में गैर-सैन्य साझेदारी का विकल्प बनाना है। एक अवयव यह भी है कि कई बार ऐसा होता है कि परस्पर चुनौतियां दीर्घकालीन टकराव में तब्दील हो जाती हैं। भारत ने यह लद्दाख में होते देखा है। फिलहाल दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के साथ भी यही कुछ हो रहा है और सेंककाकू टापुओं पर अधिकार को लेकर जापान का चीन से विवाद चल रहा है। अगर चीन ताइवान को कब्जाने की कोशिश करेगा तो अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और फिलीपींस, सब मिलकर उसे तगड़ी चुनौती देना चाहते हैं। लेकिन भारत को सबसे अधिक चिंता किस बात पर है? भारत जानता है कि जहां चीन एक आक्रामक चुनौती देने वाला है वहीं अमेरिका भारत की वैश्विक चढ़त का समर्थक है। जो भी है, भारत हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में, विशेषकर संभावित ताइवान के मामले में, चीन को संयुक्त रूप से सैन्य चुनौती देने वाले गठबंधन का हिस्सा नहीं बनना चाहेगा। यदि जिनपिंग-बाइडेन भेंट से ताइवान के मुद्दे पर तनाव घटता है तो यह भारत के लिए अवश्य सहायक रहेगा। भारत-अमेरिका के बीच जिस ढंग से रक्षा साझेदारी बढ़ रही है उससे अमेरिका की अपेक्षा बढ़ी है कि हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में भारत ज्यादा मुखर होकर भूमिका निभाए। यह उम्मीदें भारत द्वारा प्राकृतिक आपदाओं के समय मानवीय आधार पर किए सहायता अभियानों से परे जाकर कुछ करने की हैं। गठबंधन मुल्क हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त और सबका बनाए रखने के लिए सहयोगियों से साथ की आस रखते हैं और जरूरत पड़ने पर चीन को सीधी चुनौती देने में भी। यह वह संदर्भ है, जिसको लेकर भारत देखना चाहेगा कि जिनपिंग-बाइडेन भेंट में क्या होता है। भारत चीन के साथ सैन्य टकराव में नहीं पड़ना चाहेगा और ठीक इसी वक्त उन नए बनने वाले क्षेत्रीय प्रबंधों से भी बाहर नहीं रहना चाहेगा, जिन पर अमेरिका-चीन के बीच सहमति बन सकती है।

चीन का नज़रिया इस बारे में स्पष्ट है कि अमेरिका ताइवान का मुद्दा न उठाए। इसके अलावा, वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बनी गुटबंदियां जैसे कि क्वाड या ऑकस को अमेरिकी समर्थन का विरोध करता है, जो कि उसे नागवार हैं। चीन अपने विकास मॉडल को दी जाने वाली चुनौतियों का भी विरोध करता है, इसमें 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' परियोजना भी शामिल है। और वह अमेरिका से चाहता है कि वह चीन का मुकाबला करने को बनाई गई 'चाईना प्लस वन' नामक आर्थिक एवं तकनीकी नीतियों को शह देना बंद करे।

इसलिए, जब तक अमेरिका और चीन आपसी समझ बनाकर दुनिया की भलाई के लिए साझेदारी बनाते रहेंगे, भारत को इनसे लाभ मिल सकता है। जहां तक प्रतिद्वंद्विता की बात है, भारत नहीं चाहेगा कि जोखिम कम करने की एवज में आर्थिक और तकनीकी प्रगति दर को धीमा किया जाए। 'चाईना प्लस वन' नामक नीति को निरंतर प्रोत्साहन देने की जरूरत है ताकि भारत में और अधिक निवेश आ सके।

यदि अमेरिका चीन के साथ उच्च तकनीक पर सहयोग करने पर लगाए प्रतिबंध उठा लेता है, तो इससे चीन में फिर से उन कुछ निवेशकों के पहुंचने की संभावना बनेगी, जो वर्ना भारत का रुख करते। यूक्रेन युद्ध के बाद बनी भारत की स्थिति में पुनर्निधारण, इस्राइल में बने हालात और अफ्रीका में शांति वार्ता पुनः बनाने में अनुरूपता दिख रही है। इन मुद्दों पर चीन की भूमिका एकदम विपरीत है क्योंकि वह यूक्रेन मामले में रूस का समर्थन कर रहा है तो पश्चिम एशिया में अरबी मुल्क और ईरान के साथ खड़ा है और वहीं अफ्रीका के संबंध में वैकल्पिक वार्ताओं का हामी है। इन कुछ मामलों में भारत अमेरिका का सहयोगी बन सकता है, लेकिन ऐसा करते वक्त इन क्षेत्रों में अपने हितों का ध्यान रखना आवश्यक है। भारत चीन से जुड़े मामलों के अलावा अन्य मुद्दों पर भी अमेरिका से सहयोग बेहतर बनाने को बातचीत जारी रखना चाहेगा।

सहज योग

## गरिमा और चरित्र का महत्व



किसी को भी युवा दिखने की कोशिश नहीं करनी चाहिए और हर समय अपने पति को अपने साथ जोड़े रखने की कोशिश करके अपने जीवन को दुखी नहीं बनाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से आप अपनी शक्तियों, अपनी शक्ति को खो देंगे, लेकिन यदि आपका पति एक चरित्रवान व्यक्ति है तो आपको उसका सम्मान करना चाहिए।

इसलिए महिलाओं को इस तरह की पागल दौड़ के प्रति इतना अधीन होने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, उन्हें अपनी गरिमा बनाए रखनी चाहिए, उन्हें अपना चरित्र बनाए रखना चाहिए, उन्हें अपने पतियों की चिंता न करते हुए अपने बच्चों की देखभाल करनी चाहिए। अब सबसे बुरी चीज जो बहुत स्वीकार्य है वह है तलाक और इसलिए उन्हें डर है कि पुरुष उन्हें तलाक दे देंगे और वे बेसहारा रह जाएंगी, लेकिन पश्चिम में हमेशा एक प्रावधान है, अगर कोई पति किसी अन्य महिला या किसी अन्य महिला से शादी करता है , बच्चों और मां को उनकी देखभाल के लिए पर्याप्त धन दिया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में महिलाओं को अपने पतियों को सुधारने की कोशिश करनी चाहिए और इसके लिए लड़ना चाहिए, लेकिन अगर वे नहीं आते हैं तो उन्हें पूरी तरह से अलग हो जाना चाहिए। अगर पति नरक में जाना चाहता है तो जाने दो, तुम भी ऐसा क्यों करना चाहती हो। आख़िरकार आपका अपना धर्म है, आपका अपना जीवन है और आपको बस अपने बारे में चिंता करनी चाहिए और यदि वह नहीं समझता है तो आप इसे भूल जाएं।

ऐसे गैर-जिम्मेदार और मूर्ख व्यक्ति पर दया ही की जानी चाहिए, लेकिन किसी को पति के नक्शेकदम पर नहीं चलना चाहिए क्योंकि आपके ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। किसी को भी युवा दिखने की कोशिश नहीं करनी चाहिए और हर समय अपने पति को अपने साथ जोड़े रखने की कोशिश करके अपने जीवन को दुखी नहीं बनाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से आप अपनी शक्तियों, अपनी शक्ति को खो देंगे, लेकिन यदि आपका पति एक चरित्रवान व्यक्ति है तो आपको उसका सम्मान करना चाहिए उसका हर तरह से समर्थन करें और जहां तक संभव हो उसे सहन करें।

कल मैंने देखा कि कई महिलाओं ने अपने बाल काटे हैं, कृपया इन उद्यमियों के हाथों में न खेलें, वे जानते हैं कि आपको कैसे बेवकूफ बनाना है। मैंने भयानक चीजें होते देखी हैं क्योंकि ये उद्यमी विज्ञापन के जरिए लुभाने की कोशिश करते हैं। हाल ही में पेरिस में उन्होंने कहा कि हमारे पास छह इंच की स्कर्ट होनी चाहिए और कहीं भी हमें लंबी स्कर्ट नहीं मिल सकती। कल्पना कीजिए कि इन सभी ठंडे देशों में कितने लोगों को वैरिकोज़ नसें हो गईं। वे बालों के लिए, शरीर के लिए, चेहरे के लिए स्टाइल शुरू करते हैं, वे हर तरह की बकवास शुरू करते हैं लेकिन सहज योगिनियों को समझना चाहिए कि वे क्या कर रहे हैं, आपको उनके जाल में बिल्कुल भी नहीं फंसना चाहिए।

तो आप परिवार की देवी हैं, आपके पास शक्ति है और आपको बहुत सावधान रहना होगा। इसके अलावा आप सहज योगिनी हैं इसलिए आपको अपने सहस्रार को किसी के द्वारा छूने की अनुमति नहीं देनी चाहिए और आपकी शक्ति आपकी शुद्धता से आती है। भारत में हजारों महिलाओं ने आत्महत्या कर ली क्योंकि वे नहीं चाहती थीं कि कोई पुरुष उनके शरीर को छूए।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

शख्सियत | बटुकेश्वर दत्त

## भारतीय क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी



बटुकेश्वर दत्त जिन्हें बी.के.दत्ता, बट्टू और मोहन के नाम से भी जाना जाता है। वह एक भारतीय क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हें 8 अप्रैल 1929 को नई दिल्ली में केंद्रीय विधान सभा में भगत सिंह के साथ कुछ बम विस्फोट करने के लिए जाना जाता है। वह हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के भी सदस्य थे।

बटुकेश्वर दत्त गोष्ठ बिहारी दत्ता के पुत्र थे। उनका जन्म 18 नवंबर 1910 को पूर्व बर्धमान जिले के खंडाघोष गांव में, जो अब पश्चिम बंगाल है, एक बंगाली कायस्थ परिवार में हुआ था। उन्होंने कानपुर के पंडित पृथ्वी नाथ हाई स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वह चंद्र शेखर आज़ाद और भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के करीबी सहयोगी थे, जिनसे उनकी मुलाकात 1924 में कानपुर में हुई थी। उन्होंने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) के लिए काम करते हुए बम बनाने के बारे में सीखा। बटुकेश्वर दत्त और भगत सिंह दोनों ने 8 अप्रैल 1929 को दो विधेयकों - सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक और व्यापार विवाद विधेयक के विरोध में केंद्रीय विधान सभा में धुआं बम फेंका। बम फेंकते समय इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाया गया और असेंबली में 'बहरों को सुनाओ' शीर्षक से पर्चे फेंके गए। बहादुर लोगों ने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया ताकि अन्य क्रांतिकारियों को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और इस अधिनियम ने भारतीय धरती पर ब्रिटिश औपनिवेशिक जड़ों को हिला दिया। जबकि भगत सिंह को जॉन सॉन्डर्स की हत्या के लिए फांसी दी गई थी, बटुकेश्वर दत्ता को सेलुलर जेल, अंडमान में स्थानांतरित कर दिया गया था।

बटुकेश्वर दत्त को अन्य काला पानी कैदियों की तरह क्रूर औपनिवेशिक अत्याचारों का सामना करना पड़ा। उन्होंने राजनीतिक कैदियों के साथ अपमानजनक व्यवहार और भेदभावपूर्ण और अमानवीय जेल स्थितियों के खिलाफ भूख हड़ताल शुरू की। जेल से रिहा होने के तुरंत बाद उन्हें तपेदिक हो गया, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। हालाँकि, यह स्वतंत्रता के लिए लड़ने की उनकी भावना को डिगा नहीं सका। उन्होंने 1942 में गांधीजी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उनका निधन 20 जुलाई 1965 को हो गया।

जीवन ऊर्जा

एलन बार्टलेट शेपर्ड जूनियर : जन्म 18 नवंबर 1923 | जन्म

## आपके पास कोई प्रतिभा न हो, पर जो करें उसे अधिक ध्यान से

एलन बार्टलेट शेपर्ड जूनियर एक अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री, नौसैनिक एविएटर, परीक्षण पायलट और व्यवसायी थे। उनका जन्म 18 नवंबर 1923 में हुआ था। 1961 में वे अंतरिक्ष में यात्रा करने वाले दूसरे व्यक्ति और पहले अमेरिकी बने और 1971 में, वे चंद्रमा पर गए थे। शेपर्ड 1963 से 1969 तक और फिर 1971 से संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना और नासा से उनकी सेवानिवृत्ति तक अंतरिक्ष यात्री कार्यालय के प्रमुख थे। उन्हें रियर एडमिरल में पदोन्नत किया गया और वे उस रैंक तक पहुंचने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री थे। उनका निधन 21 जुलाई, 1998 में हुआ था।



मुझे स्वीकार करना चाहिए, शायद मैं इतिहास का एक टुकड़ा हूं। यदि आप अपने अनुभव का उपयोग नहीं करते हैं, तो आपका अतीत बर्बाद हो गया है और आप अपने आप को धोखा दे रहे हैं। चाहे आप एक खगोलशास्त्री हों या जीवन वैज्ञानिक, भूभौतिकीविद् या एक पायलट, आपको वहां होना चाहिए क्योंकि आप मानते हैं कि आप अपने क्षेत्र में अच्छे हैं और आप योगदान दे सकते हैं, इसलिए नहीं कि आपको बहुत प्रसिद्धि मिलने वाली है या जो भी हो जब तुम वापस जाओ। जब मैंने पहली बार पीछे मुड़कर पृथ्वी की ओर देखा, तो चंद्रमा पर खड़े होकर मैं रोया। आप अपनी छोटी सी समस्या को ठीक करके इस मोमबत्ती को क्यों नहीं जलाते? आपके पास कोई अतिरिक्त प्रतिभा नहीं हो सकती है, लेकिन हो सकता है कि आप जो कर रहे हैं उस पर अधिक ध्यान दे रहे हों।


तथ्य यह है कि इस जहाज के हर हिस्से को कम बोली लगाने वाले ने बनाया है। मैं सिर्फ अमेरिका के लिए उड़ान भरने वाला पहला व्यक्ति बनना चाहता था, इसलिए नहीं कि मैं इतिहास की किताबों के पन्नों में समा जाऊंगा।

प्रेरक प्रसंग

## सत्य और संकल्प पर अटल रहें

यह एक पोलियोग्रस्त बालिका की कहानी है। चार साल की उम्र में निमोनिया और काला ज्वर की शिकार हो गयी। फलतः पैरों में लकवा मार गया। डॉक्टरों ने कहा विल्मा रूडोल्फ अब चल न सकेगी। विल्मा का जन्म टेनेसस के एक दरिद्र परिवार में हुआ था, लेकिन उसकी माँ विचारों की धनी थी। उसने ढाँढस बँधाया, 'नहीं विल्मा तुम भी चल सकती हो, यदि चाहो तो!' विल्मा की इच्छा-शक्ति जाग्रत हुई। उसने डॉक्टरों को चुनौती दी, क्योंकि माँ ने कहा था यदि आदमी को ईश्वर में दृढ़ विश्वास के साथ मेहनत और लगन हो, वह दुनियाँ में कुछ भी कर सकता है। नौ साल की उम्र में वह उठ बैठी। 13 साल की उम्र में पहली बार एक दौड़ प्रतियोगिता में शामिल हुई, लेकिन हार गयी। फिर लगातार तीन प्रतियोगिताओं में हारी, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। 15 साल की उम्र में टेनेसी स्टेट यूनिवर्सिटी में गई और वहाँ एड टेम्पल नामक कोच से मिलकर कहा, 'आप मेरी क्या मदद करेंगे, मैं दुनियाँ की सबसे तेज धाविका बनना चाहती हूँ।' कोच टेम्पल ने कहा, 'तुम्हारी इस इच्छा शक्ति के सामने कोई बाधा टिक नहीं सकती, मैं तुम्हारी मदद करूँगा।' 1960 की विश्व-प्रतियोगिता ओलम्पिक में वह भाग लेने आयी। उसका मुकाबला विश्व की सबसे तेज धाविका जुत्ता हैन से हुआ। कोई सोच नहीं सकता था कि एक अपंग बालिका वायु वेग से दौड़ सकती है। वह दौड़ी और एक, दो, तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर 100 मीटर, 200 मीटर तथा 400 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

उसने प्रमाणित कर दिया कि एक अपंग व्यक्ति दृढ़ इच्छा शक्ति से सब कुछ कर सकता है। हर सफलता की राह कठिनाइयों के बीच से गुजरती है।



सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

## ईश्वर की अमूल्य देन है मनुष्य योनि

भाग-2

अर्थ—कौन तेरी स्त्री है ? कौन तेरा पुत्र है? अरे यह संसार बड़ा विचित्र है। इसी तत्त्व का निरन्तर विचार कर कि तू कौन है ? किसका है और कहां से आया है ? भ्रान्त मत हो और गोविन्द को भज।

**यावद् वित्तोपार्जनसक्तस्तावन्निज परिवारो रक्तः । पश्चाज्जीवति जर्जरदेहे वार्तां कोऽपि न पृच्छति गेहे ।।५।।**

अर्थ—जब तक तू धन कमाने में लगा हुआ है, तभी तक तेरा परिवार तुझसे प्रेम करता है । जब वृद्धावस्था से ग्रस्त होगा तब घर में तेरी कोई बात भी न पूछेगा । अतः मूढ़ । निरन्तर गोविन्द को ही भज ।

**पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि जननीजठरे शयनम् ।**
**इह संसारे बहुदुस्तारे कृपयापारे पाहि मुरारे ।।२१।।**

अर्थ—इस संसार में जीव को पुनः-पुनः जन्म, पुनः-पुनः मरण और बारम्बार माता के गर्भ में रहना पड़ता है । अतः मुरारे ! मैं आपकी शरण हूं, इस दुस्तर अपार संसार से कृपया पार कीजिये, इस प्रकार अरे मूढ़ ! तू सदा गोविन्द का ही भजन कर ।

**मनुष्य शरीर की सद्गति के उपाय**

मूढ़ मनुष्य अपना जीवन सफल बनाने के लिए क्या करे ? इसके लिए भगवान श्री आदिशंकराचार्य कहते हैं—



**कस्त्वं कोऽहं कुत आयातः का मे जननी को मे तातः ।**
**इति परिभावय सर्वमसारं विश्वं त्यक्त्वा स्वप्न विचारम् ।।२३।।**

अर्थ—स्वप्न के समान मिथ्या संसार की आशा छोड़कर 'तू कौन है, मैं कौन हूं, कहां से आया हूं, मेरी माता कौन है और पिता कौन है ?—इस प्रकार सबको असार समझ और मूढ़ ! तू निरन्तर गोविन्द का ही भजन कर ।

**त्वयि मयि चान्यत्रैको विष्णुर्व्यर्थं कुप्यसि मय्यसहिष्णुः ।**
**सर्वस्मिन्नपि पश्यात्मानं सर्वत्रोत्सृज भेदज्ञानम्**
।।२४।।

अर्थ—तुझमें मुझमें और अन्य सभी में एक ही विष्णु है, इसलिए तू असहिष्णु होकर बेकार में ही मुझ पर क्रोध करता है, आत्मा को ही सबमें देख, सबमें भेदभाव की भावना को त्याग दे और सदैव गोविन्द का ही भजन कर ।

'भज गोविन्दम् स्तोत्र' के श्लोक सं २७ में भगवान श्री आदिशंकराचार्य कहते हैं कि मनुष्य को—

गीता और विष्णुसहस्त्रनाम का नित्य पाठ करना चाहिए,
भगवान विष्णु के स्वरूप का नित्य ध्यान करना चाहिए ,
चित्त को संतों के संग में लगाना चाहिए,
दीन-दुखियों को धन दान करना चाहिए, और
मूढ़ मनुष्य ! तू नित्य गोविन्द का ही भजन कर ।




पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।


मो। नं। 9425980556



यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## भूलभुलैया

एक व्यक्ति को जहाज तक पहुंचना है, लेकिन सामने की उलझनों को देख कर वह बहुत परेशान है. तुम्हें उसकी मदद करनी है, ताकि वह जल्दी जहाज तक पहुंच सके.




## खोजो 05 अंतर





## डॉट मिलाओ, चित्र बनाओ

इस तस्वीर में कुल 1 से 38 तक डॉट्स हैं, तुम्हें नंबर के अनुसार इन डॉट्स को मिलाना है. इन डॉट्स को पूरी तरह मिलाओ. फिर देखो कि कौन-सी आकृति बनती है. इसमें तुम रंग भी भर सकते हो.



# शिवाजी महाराज और दूधवाली

कहानी



जुई काफी एक्साइटेड थी। यह उसका 11 वां जन्मदिन था। उसके माता-पिता उसे किले में ले जा रहे थे। जुई अपने माता-पिता के साथ सह्याद्रि पर्वत श्रृंखला में एक पहाड़ी की तलहटी में एक गांव में रहती थी। पहाड़ी को रायरी कहा जाता था। पहाड़ी की चोटी पर एक पुराना किला था। शिवाजी महाराज ने इसे अपनी राजधानी बनाया और इसे एक नया नाम दिया - रायगढ़।

'क्या तुम्हें यकीन है, जुई, तुम पहाड़ी पर चढ़ सकती हो?' उसकी मां ने उत्सुकता से पूछा।

'तुम चिंता मत करो,' जुई के पिता ने कहा, 'अगर वह थकी हुई महसूस करती है, तो मैं उसे पुराने समय की तरह अपने कंधों पर ले जा सकता हूं।'

'नहीं बाबा,' जुई ने विरोध किया। 'मैं 11 साल की हूं। मैं एक मजबूत लड़की हूं। मैं स्वयं किले पर चढ़ जाऊंगी।'

वे सुबह-सुबह घर से निकल गये। वे गर्मी बढ़ने से पहले किले तक पहुंचना चाहते थे। लम्बी चढ़ाई थी। उन्हें बीच-बीच में आराम करना पड़ता था।

'शिवाजी महाराज ने इस स्थान को अपनी राजधानी के रूप में क्यों चुना?' जुई ने पूछा, 'वह हमारे गांव में एक किला बनवा सकते थे।'

'जुई, यह पहाड़ी पर ज्यादा सुरक्षित है। कोई भी सेना बहादुर मराठा सैनिकों द्वारा देखे बिना इस पहाड़ी पर नहीं चढ़ सकती,'' उसके पिता ने कहा।

'ओह हां। पहाड़ियां हमारे महाराज की रक्षा करती हैं,' जुई ने कहा।

तब तक वे मुख्य द्वार महादरवाजा तक पहुंच गये।

'क्या यह गेट हर समय खुला रहता है?' जुई ने पूछा।

'नहीं जुई, यह सूर्यास्त के समय बंद कर दिया जाता है और केवल भोर में ही खोला जाता है, 'उसके पिता ने कहा।

जुई ने देखा कि उसकी मां थोड़ी कांप रही थी। उसके पिता ने अपना हाथ उसके चारों ओर रख दिया।

अब तक जुई को भूख लग चुकी थी। वे एक पेड़ के नीचे बैठ गये और खाने का पैकेट खोला। मां ने पोहा, बटाटा-बड़ा और आलू-बड़ी परोसी।

जुई ने कहा, 'मेरा पेट भर गया है।'

परिवार ने किले के चारों ओर घूमने का फैसला किया। यह एक लंबी और आरामदायक सैर थी।

जैसे ही वे किले के पीछे पहुंचे, एक कुत्ता उनकी ओर दौड़ा। जुई और उसके माता-पिता को नहीं पता था कि कैसे प्रतिक्रिया दें। तभी उन्हें एक चीख सुनाई दी, 'वाघ्या!' कुत्ता धीमा हो गया। जुई ने कुत्ते को थपथपाया क्योंकि वह अपनी पूंछ हिला रहा था।

तभी कुत्ते का मालिक प्रकट हुआ। ये स्वयं शिवाजी महाराज थे!

वाघ्या, जिसका अर्थ है बाघ, उनका पालतू कुत्ता था।

शिवाजी महाराज को देखकर जुई के माता-पिता ने अपने हाथों से जमीन को तीन बार छूकर प्रणाम किया। जुई ने वैसा ही किया। हालांकि उसने शिवाजी महाराज को पहले नहीं देखा था, जुई ने सही अनुमान लगाया कि यह वही महान मराठा है जिसे वह पसंद करती थी।

शिवाजी महाराज ने उन्हें देखकर मुस्कुराते हुए कहा, 'हीरा ताई। मैं तुम्हें इतने वर्षों के बाद देख रहा हूं!'

जुई को आश्चर्य हुआ कि शिवाजी महाराज उनकी मां को जानते थे।

जुई की मां ने महाराज को प्रणाम किया और कहा, 'महाराज ये मेरे पति हैं। और इस'

'।।।आपकी बेटी है!' महाराज ने हीरा की बात पूरी करते हुए कहा।

महाराज ने दूर से देखते हुए धीरे से कहा, 'कितनी उम्र है इसकी?' मुझे अनुमान लगाने दो, 11 साल?'

जुई अपनी उत्तेजना को नियंत्रित नहीं कर सकी। 'हां, आज मेरा 11वां जन्मदिन है।'

शिवाजी महाराज ने उसका हाथ थाम लिया। 'तुम्हारा नाम क्या है?'

जुई ने महाराज को अपना नाम बताया।

'जुई, आज तुम्हारा जन्मदिन है, मैं तुम्हें एक उपहार देना चाहता हूं। बताओ, तुम्हें सबसे अच्छा क्या लगता है?'

'कहानियां!' जुई ने कहा।

'ठीक है, मैं तुम्हें तुम्हारे जन्मदिन पर एक कहानी सुनाऊंगा। आओ, हम सब बैठें।'

उन्हें एक पेड़ के नीचे एक आरामदायक जगह मिली। कोई शिवाजी महाराज के लिए कुर्सी लाया। महाराज ने उसे दूर कर दिया और एक चट्टान पर बैठ गए, और जुई उनके बगल में बैठी। वाघ्या ने अपनी पूंछ हिलाई और जुई के बगल में बैठ गया। अन्य लोग शिवाजी महाराज के चारों ओर बैठ गये।

शिवाजी महाराज जुई को एक कहानी सुनाते हैं

'बहुत समय पहले की बात है, हमारे किले में हर सुबह एक दूधवाली दूध बेचने के लिए आती थी। शाम को महादरवाजा दिन भर के लिए बंद होने से पहले वह अपने गांव लौट जाती।।

एक दिन उसे किले में देर हो गई। जब वह महादरवाजा पहुंची तो वह पहले से ही बंद था। दूधवाली ने हमारे गार्डों से गेट खोलने की विनती की। लेकिन गार्डों को शाम को गेट बंद रखने का सख्त आदेश था। इन्हें केवल सुबह ही खोला जा सकेगा।

पहरेदारों ने फंसी हुई दूधवाली को किले में रात बिताने और सुबह अपने गांव लौटने की सलाह दी। उसने उनसे विनती की। उसका बच्चा उसके घर वापस आने का इंतज़ार कर रहा था। अगर वह नहीं लौटी तो बच्ची पूरी रात भूखी रहेगी। बच्चा लोरी सुने बिना नहीं सोता।

पहरेदारों को दूधवाली से सहानुभूति थी, लेकिन वे उसकी मदद नहीं कर सके। उन्हें आदेश का पालन करना था।

दूधवाली चली गई। पहरेदारों ने सोचा कि उसे किले में कहीं आश्रय मिल गया है।

जुई ने आंखों के कोने से देखा कि उसकी मां का सिर झुका हुआ था। उसकी नजरें जमीन पर टिकी थीं। जुई यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि वह ठीक महसूस कर रही है। लेकिन कहानी इतनी दिलचस्प थी कि उसका ध्यान एक बार फिर इस ओर गया।

शिवाजी महाराज ने कहानी जारी रखी, 'अगली सुबह पहरेदारों ने महादरवाजा खोला। उन्हें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि दूधवाली बाहर इंतज़ार कर रही थी। कल रात उसने बाहर जाने की गुहार लगाई थी और यहां वह सुबह किले के बाहर खड़ी थी!

'तुम रात में किले से बाहर कैसे निकलीं?' रक्षकों के प्रमुख ने दूधवाली से पूछा।

'मैं पहाड़ियों से नीचे चली गई,' उसने उत्तर दिया।

गार्डों ने उस पर विश्वास करने से इनकार कर दिया। 'किले के अंदर और बाहर जाने का केवल एक ही रास्ता है - महा दरवाज़ा के माध्यम से। हमें इसके बारे में पता चले बिना किला छोड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है।'

फिर एक गार्ड ने धीरे से कहा, 'जब तक आपको किले से बाहर निकलने के लिए कोई गुप्त रास्ता नहीं मिल जाता। इतना ही। तुम्हें एक गुप्त मार्ग अवश्य मिल गया होगा। इसे हमें दिखाओ!' दूधवाली ने कहा कि उसे किसी गुप्त मार्ग के बारे में पता नहीं है। गार्ड ने मामले की जानकारी मुझे दी। वे मेरे सामने दूधवाली भी ले आये।

शिवाजी महाराज रुके। जुई को ध्यान ही नहीं आया कि उसकी मां की आंखें डबडबा आई हैं।

शिवाजी महाराज ने कहानी जारी रखी:

'मुझे एहसास हुआ कि दूधवाली सच कह रही थी। वह भी डरी हुई थी। उसी समय, उसने मुझे चिंतित कर दिया। यदि किसी को हमारे गार्डों की नजरों से बचकर किले से बाहर निकलने का रास्ता मिल गया होता, तो कोई उसी रास्ते से किले में प्रवेश भी कर सकता था। इसका मतलब यह है कि रायगढ़ उतना सुरक्षित नहीं है जितना मैंने सोचा था।'

जुई ने सहमति में सिर हिलाया। 'तो आपने क्या किया महाराज?' उसने पूछा।

'मैंने दूधवाली से मुझे दिखाने के लिए कहा कि वह किले से बाहर कहां निकली है। वह सहमत हो गई और मुझे उसी स्थान पर ले गई जहां हम अब बैठे हैं।

वहां एक सन्नाटा छा गया।

महाराज ने आगे कहा, 'यह पहाड़ी का सबसे ढलान वाला हिस्सा है। इस तरफ से कोई भी ऊपर चढ़कर किले में प्रवेश नहीं कर सकता था। कम से कम, हम सभी ने तो यही सोचा था। इसलिए, हम बिना सुरक्षा दीवार के इस तरफ चले गए थे।

दूधवाली ने हमें बताया कि वह इस स्थान से नीचे उतरी है। उसने दूध के बर्तन भी दिखाए जो वह झाड़ियों में छोड़ गई थी। मैं घटनास्थल के करीब गया और नीचे देखा। यह इतनी खड़ी थी कि मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा था कि कोई भी इस रास्ते से नीचे जाने की हिम्मत करेगा।

मैं दूधवाली की ओर मुड़ा और उससे कहा। 'मेरे सामने पहाड़ी से नीचे जाओ। तब मैं तुम पर विश्वास करूंगा।'

दूधवाली आगे बढ़ी। मेरा दिल उछल पड़ा। 'क्या वह सचमुच नीचे जाएगी?'

उसने नीचे देखा और फिर पीछे हट गई। मैं उसके पूरे चेहरे पर डर देख सकता था। 'मैं यह नहीं कर सकता, महाराज! मैं नहीं कर सकती!' वह चिल्लाई।

'लेकिन आपने अभी कहा कि आप कल रात नीचे उतर गईं!' मैंने इशारा किया।

'मुझे नहीं पता कि मैंने यह कैसे किया, महाराज,' वह रो पड़ी। 'मेरे मन में केवल एक ही विचार था - मेरी छोटी लड़की भूखी है। अगर मैं उसे दूध पिलाने के लिए वापस नहीं आऊंगी, तो वह पूरी रात तड़पती रहेगी। मुझे घर पहुंचना था। तो मैं नीचे चला गई। अब मैं नहीं कर सकता।''

जुई की मां ने आंसू की एक बूंद गिरा दी, जिस पर किसी का ध्यान नहीं गया क्योंकि हर कोई शिवाजी महाराज को देख रहा था।

'मुझे उस पर विश्वास था। मेरे दिल ने मुझसे कहा कि मां झूठ नहीं बोलेगी। मैंने उससे सारा दूध मेरे घर पहुंचाने और अपने बच्चे के पास वापस जाने को कहा, 'शिवाजी महाराज ने कहा। 'फिर मैंने यहां यह दीवार बनवाई और एक वॉच टावर भी बनवाया। क्या आप जानते हैं कि इस वॉच टॉवर को क्या कहा जाता है, जुई? शिवाजी महाराज ने पूछा। जैसे ही उसने 'नहीं' कहने के लिए अपना सिर हिलाया, शिवाजी महाराज ने कहा, 'इसका नाम उस दूधवाली के नाम पर रखा गया है। यह हीरा कानी वॉच टावर है।'

'हीरा कानी!' जुई ने चिल्लाकर कहा। 'वह मेरी मां है!'

'हां, जुई,' शिवाजी महाराज ने कहा।' उस रात, ग्यारह साल पहले, यह बहादुर मां इस खड़ी पहाड़ी से नीचे चली गई थी ताकि वह अपने बच्चे के साथ रह सके - आपके साथ!''

'आई!' जुई चिल्लाई और अपनी मां की ओर मुड़ी, जिसने उसे गले लगा लिया, उसके गालों पर आंसू बह रहे थे।

शिवाजी महाराज मुस्कुराये।

वाघ्या ने खुशी से अपनी पूंछ हिलाई।

**ध्यान दें:** हीरा बुरुज आज भी रायगढ़ किले में स्थित है। हालांकि इस वॉच टॉवर के निर्माण की घटना ऐतिहासिक है, लेकिन कहानी का ढांचा जहां शिवाजी महाराज हीरा की बेटी को कहानी सुनाते हैं, लेखक द्वारा कल्पना की गई है।

पंचतंत्र की कहानी

# कुम्हार की कहानी



कई सालों पहले एक गांव में युधिष्ठिर नाम का एक कुम्हार रहाता था। दिन में वह मिट्टी के बर्तन बनाता था और जो भी पैसे मिलते थे, उनसे शराब खरीद कर पी लेता। एक रात वह शराब के नशे में अपने घर लौट रहा था। वह इतना नशे में था कि ठीक से चल भी नही पा रहा था। अचानक उसका पैर लड़खड़ाया और वह जमीन पर गिर पड़ा। जमीन पर कांच के टुकड़े पड़े थे, जिनमें से एक टुकड़ा उसके माथे में घुस गया। उसके माथे से खून बहने लगा। इसके बाद कुम्हार किसी तरह उठा और अपने घर की ओर चल दिया।

अगले दिन जब उसे होश आया तो वह वैद्य के पास गया और पट्टी करवाकर दवाई ली। वैद्य ने कहा, 'घाव गहरा होने के कारण इसे भरने में समय लगेगा। पूरा भर जाने के बाद भी इस घाव का निशान नहीं जाएगा।'

इसके बाद कई दिन बीत गए। अचानक उसके गांव में सूखा पड़ गया। सभी लोग गांव छोड़ कर जाने लगे। कुम्हार ने भी गांव छोड़ कर जाने का फैसला किया और दूसरे देश की तरफ निकल गया।

नए देश में जाकर वह राजा के दरबार में नौकरी मांगने गया। वहां राजा ने उसके माथे पर चोट का निशान देखा और सोचा, यह जरूर कोई पराक्रमी योद्धा होगा और दुश्मन से लड़ते समय इसके माथे पर चोट लगी होगी। यह सोचकर राजा ने उसे अपने दरबार में एक खास जगह दे दी और उस पर विशेष ध्यान देने लगे। यह देख कर राजा के दरबार में मौजूद राजकुमार, सेनापति और अन्य मंत्री उससे जलने लगे।

ऐसा कई दिनों तक चलता रहा। एक दिन शत्रुओं ने राजा के महल पर हमला कर दिया। राजा ने अपनी पूरी सेना को युद्ध के लिए तैयार किया। उसने युधिष्ठिर से भी युद्ध में जाने के लिए कहा। युधिष्ठिर जब युद्ध भूमि की तरफ जा रहा था तो राजा ने उससे पूछा कि उसके माथे पर यह चोट किस युद्ध में लगी।

इसपर कुम्हार ने सोचा कि अब वह राजा का भरोसा जीत चुका है और अब अगर वह राजा को सच बता देगा तो कोई समस्या नहीं होगी। यह सोच कर उसने राजा ने कहा, 'राजन, मैं कोई योद्धा नहीं हूं। मैं तो एक साधारण-सा कुम्हार हूं। यह चोट मुझे किसी युद्ध में नहीं, बल्कि शराब पीकर गिरने के कारण लगी थी।'

कुम्हार की यह बात सुनकर राजा को बहुत गुस्सा आया। उसने कहा, 'तुमने मेरा विश्वास तोड़ा है और मुझे छल कर दरबार में इतना ऊंचा पद पाया है। निकल जाओ मेरे राज्य से।' कुम्हार ने राजा से बहुत मिन्नतें की, उसने कहा कि अगर उसे मौका मिले, तो वह युद्ध में राजा के लिए प्राण भी दे सकता है।

राजा ने कहा, 'तुम चाहे जितने भी वीर और पराक्रमी हो, लेकिन तुम शूरवीरों के कुल से नहीं हो। तुम्हारी हालत शेरों के बीच रहने वाले उस गीदड़ की तरह है, जो हाथी से लड़ने की जगह उससे दूर भागने की बात करता है। मैं तुम्हे जाने दे रहा हूं, लेकिन अगर राजकुमारों को तुम्हारा राज पता चल गया, तो वो तुम्हें मार डालेंगे। इसलिए, कहता हूं कि अपनी जान बचाओ और भाग जाओ।' कुम्हार ने राजा की बात मानी और तुरंत उस राज्य को छोड़ कर चला गया।

**कहानी से सीख :** इस कहानी से यह सीख मिलती है कि इंसान की असलियत ज्यादा दिन तक छुप नहीं सकती, एक न एक दिन राज खुल ही जाता है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रोजगार की चिंता रह सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मानसिक दृढ़ता से निर्णय लेकर कार्य करना चाहिए।

**वृष** — शत्रु परास्त होंगे। भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त हो सकती है। रोजगार मिलेगा। नवीन गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा। पराक्रम के प्रति निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। परोपकार से मानसिक सुख अर्जित करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। पारिवारिक, मांगलिक कार्य की योजना बनेगी।

**कर्क** — व्यर्थ भागदौड़ होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। विवाद न करें। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। दुःखद समाचार मिल सकता है। विरोध होगा।

**सिंह** — फालतू खर्च होगा। अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। विवाद न करें। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। व्ययों में कमी करना चाहिए।

**कन्या** — पुराना रोग उभर सकता है। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। आय में कमी रहेगी। धैर्य रखें। स्वास्थ्य की समस्या हल होगी। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें। आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा।

**तुला** — नई योजना बनेगी। कार्य का विस्तार होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। काम के प्रति दृढ़ता से कार्य में अनुकूल सफलता मिल सकेगी। पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में तबादला तथा पदोन्नति के योग हैं।

**धनु** — कुसंगति से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। विवाद न करें। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी।

**मकर** — व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा संभव है। विवाद न करें। रोजगार मिलेगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। अजनबियों पर विश्वास न करें।

**मीन** — वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ होगा। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

# माता लक्ष्मी को लगाएं ये 12 भोग तो होगी धन वर्षा



शुक्रवार के दिन माता लक्ष्मी को यदि ये भोग लगाएंगे तो उनकी कृपा सदा आप पर बनी रहेगी। लेकिन ध्यान रहे कि माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना सदा भगवान विष्णुजी के साथ ही करना चाहिए। लक्ष्मीजी को धन की देवी माना गया है। कहते हैं कि अर्थ बिना सब व्यर्थ है। लक्ष्मीजी को प्रसन्न करने के लिए उनके प्रिय भोग को लक्ष्मी मंदिर में जाकर अर्पित करना चाहिए।

### लक्ष्मी भोग

1. **केसर भात :** पीले रंग के केसर भात भी माता को अर्पित करके उन्हें प्रसन्न किया जाता है।
2. **पीले रंग के मिष्ठान :** माता लक्ष्मी को पीले और सफेद रंग के मिष्ठान अर्पित किए जाते हैं।
3. **खीर :** माता लक्ष्मी को चावल की खीर में किशमिश, चारोली, मखाने और काजू मिलाकर अर्पित करें।
4. **हलुआ :** शुद्ध घी का हलुआ माता को प्रिय है।
5. **ईख (गन्ना) :** दीपावली के दिन गन्ना को इसलिए अर्पित किया जाता क्योंकि उनके सफेद हाथी को यह प्रिय है।
6. **सिघाड़ा :** सिंघाड़ा माता लक्ष्मी को बहुत ही पसंद है। इसकी उत्पत्ति भी जल से होती है।
7. **मखाना :** जिस तरह माता लक्ष्मी की उत्पत्ति समुद्र से हुई उसी तरह मखाने की उत्पत्ति भी जल से हुई है। मखाना कमल के पौधे से मिलता है।
8. **बताशे :** पताशा या बताश भी माता लक्ष्मी को बहुत प्रिय है। रात्रि की पूजा में इसे अर्पित किया जाता है।
9. **नारियल :** नारियल को श्रीफल भी कहते हैं। इसमें सबसे शुद्ध जल भरा रहता है। श्रीफल होने के कारण माता को यह बहुत पसंद है।
10. **पान :** माता लक्ष्मी की पूजा में मीठा पान का बहुत महत्व है। यह प्रसन्नता और समृद्धि का प्रतीक है।
11. **अनार :** मां लक्ष्मी को फलों में अनार बेहद प्रिय है। दीपावली की पूजन के दौरान अनार जरूर अर्पित करें।
12. **गुजिया :** होली के अवसर पर यह बनाई जाती है। जो कोई भी व्यक्ति एक लाल फूल अर्पित कर लक्ष्मीजी के मंदिर में उन्हें यह भोग लगाता है तो उसके घर में हर तरह की शांति और समृद्धि रहती है। किसी भी प्रकार से धन की कमी नहीं होगी।



प्रियंका जैन
9769994439

IGR INDIA GROUND REPORT दो बजे दोपहर

शनिवार, 18 नवंबर, 2023






15 दिनों में सुधार करने के निर्देश

# अयोध्या में भी बढ़ा AQI: श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समेत 5 को थमाया नोटिस

एजेंसी | अयोध्या



वायु प्रदूषण का AQI (एयर क्वालिटी इंडेक्स) के दो सौ के पार पहुंचने पर यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की नींद टूटी है। अब उसे लोगों के सांस लेने के लिए प्रदूषण रहित हवा की याद आई है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समेत पांच संस्थाओं के विरुद्ध उसने नोटिस जारी की है। जिनको नोटिस जारी हुई है, उनमें राम मंदिर निर्माण कराने वाली संस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अलावा चार सरकारी विभागों में एनएचएआइ, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम व अयोध्या विकास प्राधिकरण पर भी उसका शिकंजा कसा है।

# काशीवासियों को जल्द एक और वंदे भारत की सौगात

- वाराणसी से दिल्ली के बीच चलेगी दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस
- रेलवे बोर्ड को भेजा गया समय सारिणी से जुड़ा ब्योरा

एजेंसी | वाराणसी



वाराणसी से नई दिल्ली के बीच एक और वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की योजना है। इसकी कवायद शुरू हो चुकी है। इसके अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल प्रशासन की ओर से रेलवे बोर्ड को समय सारिणी से जुड़ा ब्योरा भेज दिया है। अब इस ट्रेन के संचालन की तिथि व आधिकारिक घोषणा होने का इंतजार है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह ट्रेन वाराणसी से सुबह छह बजे नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। वाया प्रयागराज-कानपुर गंतव्य के लिए रवाना होगी। दोपहर दो बजे तक दिल्ली पहुंच जाएगी। यहां से ट्रेन तीन बजे वापस वाराणसी के लिए रवाना हो जाएगी। दिल्ली से चलकर वंदे भारत शाम 7:30 बजे कानपुर और रात 9:30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। रात 11 बजे ट्रेन का वाराणसी में आगमन होगा। ट्रेन का संचालन इसी साल शुरू होने की उम्मीद है। यह देश की एकमात्र ऐसी ट्रेन है, जिसकी औसत स्पीड 100 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की है। पहली वंदे भारत एक्सप्रेस वाराणसी से दोपहर तीन बजे चलती है।

## गोरखपुर-लखनऊ का प्रयागराज तक विस्तार

गोरखपुर से लखनऊ के बीच संचालित वंदे भारत एक्सप्रेस का विस्तार प्रयागराज तक किया गया है। अब प्रयागराज के लोगों को सेमी हाईस्पीड ट्रेन से लखनऊ जाने का अवसर मिलेगा। एक वरिष्ठ रेल अधिकारी के अनुसार वाराणसी से नई दिल्ली के बीच दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की कवायद शुरू हो गई है।

# सीएम योगी ने की लोक निर्माण विभाग के कार्ययोजनाओं की समीक्षा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की चालू, लंबित और भावी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- जनहित की परियोजनाओं में देरी से न केवल लागत में बढ़ोतरी होती है, बल्कि आमजन को सेवाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाता और असुविधा भी होती है। ऐसे में हमें समयबद्धता पर जोर देना होगा।
- लोक निर्माण विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। यह सुनिश्चित हो कि हर कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और समय पर पूरा हो। पेंडिंग कार्यों की जवाबदेही तय की जाए
- विभागीय मंत्रीगण परियोजनाओं की नियमित अंतराल पर समीक्षा करें। फील्ड विजिट करें और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं।

## राजस्थान

### एमपी बॉर्डर पर देशी कट्टे-कारतूस बरामद

**धौलपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग दिल्ली-मुंबई पर एमपी बॉर्डर की सागर पाड़ा चौकी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। कब्जे से पुलिस ने दो अवैध देसी कट्टे और 4 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने एक बाइक और एक कार को भी जब्त किया है। कोतवाली थाना प्रभारी रामकिशन यादव ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान सागर पाड़ा चौकी प्रभारी मोहनलाल मीणा ने बाइक से मध्य प्रदेश की ओर से आ रहे युवक सचिन पुत्र बंटी गोस्वामी निवासी सागर पाड़ा को जांख् के लिए रोका। तलाशी लेने पर कब्जे से पुलिस को 315 बोर का देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस जब्त किए।

### अनदेखी के चलते नहीं बन पाए वनौषधि उद्यान

**गोठड़ा।** आयुर्वेद की महत्ता सदियों से चली आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी आयुर्वेद के जानकार है। जंगलों से आयुर्वेदिक औषधियां लाकर उपचार में ले रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में देश में आयुर्वेद के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है, जिसके चलते राजस्थान सरकार द्वारा हर जिले में वन औषधि उद्यान बनाने की योजना बनाई गई। वन औषधि उद्यान को विकसित कर उसमें आयुर्वेदिक औषधि के पौधे लगाने का निर्णय किया, जिसके तहत विभागीय अधिकारियों ने जहां-जहां भी उद्यान बनाने के लिए योजना बनाई।

### दो मंजिला दुकान में लगी आग

**पाली।** पाली जिले के गुंदोज गांव के बस स्टैंड के पास स्थित एक खुदरा किराणा दुकान में गुरुवार रात करीब तीन बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची दमकलों ने आग पर काबू पाया। दुकानदार ने शादियों की सीजन को देखते हुए कुछ दिनों पहले ही माल का स्टॉक किया था। गुड़ा एंदला थाने के हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि गुंदोज बस स्टैंड के पास घांची समाज भवन के बाहर एक रामदेव ट्रेडर्स में गुरुवार रात करीब तीन बजे अज्ञात कारण से आग लग गई। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने दुकान मालिक और दमकलकर्मियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दो मंजिला किराणा दुकान का सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया।

### घूस लेते बिजली निगम का क्लर्क गिरफ्तार

**गोरखपुर।** एंटी करप्शन की टीम ने शुक्रवार को तिवारीपुर थाना क्षेत्र के सूरजकुंड उपकेंद्र के पास बिजली निगम के क्लर्क संदीप को घूस लेते गिरफ्तार किया है। एकमुश्त समाधान योजना में पंजीकरण के नाम पर वह एक हजार रुपए ले रहा था। संदीप नवसृजित सूरजकुंड उपखंड में क्लर्क के पद पर काम करता है। टीम उसे लेकर तिवारीपुर थाने चली गई है। संदीप ने टीम को बताया कि एसडीओ के कहने पर वह रुपए ले रहा था। बक्शीपुर खंड के अधिशासी अभियंता अतुल रघुवंशी ने कहा कि एक कर्मचारी के हिरासत में लिए जाने की सूचना मिली है। मामले की जानकारी की जा रही है।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के देवी बिगहा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। घटना शुक्रवार की है। मारपीट की घटना में तीन लोग जख्मी हो गये। घायलों में उसी गांव के दीपक कुमार सिंह, बाला रजक और सुनीता देवी शामिल है। उक्त तीनों घायलों का इलाज सीएचसी मदनपुर में हुआ। मामले की सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी गयी है।

### मारुति व बाइक की टक्कर में युवक घायल

**औरंगाबाद ग्रामीण।** माली थाना क्षेत्र के परसा मोड़ के समीप मारुति व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक बारुण थाना क्षेत्र के कटया रामपुर गांव निवासी विपिन कुमार है। विपिन अपने घर से बाइक पर सवार होकर माली की तरफ रिश्तेदार के घर जा रहा था। जैसे ही वह परसा मोड़ के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार मारुति ने टक्कर मार दी। घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार विपिन कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार किया गया।

### लाठी-डंडे से पीटकर एक व्यक्ति की हत्या

**खूंटी।** सायको थाना क्षेत्र के कुड़ापूर्ति टुउ टोला में एक व्यक्ति की अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दिया। मृतक की पहचान गांव के ही मंगरा पहान (60 वर्ष) के रूप में की गयी है। उसकी हत्या लाठी-डंडे से पीटकर की गयी है। अपराधियों ने उसका सिर भी कूच दिया था। घटना गुरुवार रात की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार घटना के दौरान वह घर पर अकेला था।


### अंतरजातीय विवाह के नौ माह बाद विवाहिता की हुई संदिग्ध मौत

**घोघरडीहा।** थाना क्षेत्र के पिरोजगढ़ वार्ड 4 में एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध स्थिति में घर के फर्श पर पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पड़ोसियों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका पूनम देवी की शादी मार्च 2023 में गांव के ही स्व। विरजू मंडल के पुत्र विद्यानंद मंडल के साथ हुई थी। मृतका पूनम पिता ललित राम के इच्छा के बगैर अंतरजातीय विवाह किया था। बताया जा रहा है कि जब महिला ने आत्महत्या की उस समय घर पर कोई नहीं था।

# ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा

## मौत से आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम

**हज़ारीबाग़/बरही।** बरही में साइकिल सवार को एक ट्रक ने कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान शम्भू मालाकार के पुत्र अमिताभ मालाकार (15वर्ष) के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे बरही गया रोड में एक्सिस बैंक के पास हुई।



घटना के समय अमिताभ छठ का प्रसाद खा कर अपनी रेंजर साइकिल से बाजार जा रहा था। सड़क पर अस्त-व्यस्त ट्रैफिक थी। इसी बीच एक बोलेरो ने साइकिल में टक्कर मार दी। अमिताभ साइकिल सहित सड़क पर गिर गया। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रोड जाम कर दिया। लोग पुलिस के प्रति रोष दिखा रहे थे। उनका कहना था कि पुलिस की शह पर कई लोग सड़क के किनारे अतिक्रमण कर रखे हैं, जिसके चलते सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है व ट्रैफ़िक अस्त-व्यस्त रहती है। वे इसी को दुर्घटना की वजह बता रहे थे। बरही डीएसपी नाज़िर अख़्तर, थाना प्रभारी रोहित सिंह व बरही अंचलाधिकारी रामनारायण ख़लको घटनास्थल पर पहुंचे। डीएसपी ने मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत सहायता देने व अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया, तब जाकर जाम हटा।

# 29 दुकानों पर छापा; तीन के लाइसेंस सस्पेंड, लिए गए 23 सैंपल

**बलरामपुर।** किसानों को गुणवत्ता वाले रबी फसलों के बीज मुहैया कराने के लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने टीम गठित करके छापेमारी कराई। गेहूं, मसूर, चना, जौ, सरसों, अलसी, लाही, मटर व अन्य रबी फसलों के बीज की गुणवत्ता में कमी होने की आशंका पर 12 दुकानदारों से जवाब तलब किया गया है। तीन दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। छापेमारी के दौरान टीम ने दुकानों से बीज के 23 नमूने संकलित किया है। संकलित बीज नमूनों को प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट में कमियां मिलने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सभी दुकानदारों को अच्छे गुणवत्ता वाले बीज की बिक्री करने की हिदायत दी गई है। बीज के नमूने संकलित करने, गुणवत्ता जांच करने, लाइसेंस की वैधता जांच करने, स्टाक, रेट बोर्ड व अभिलेखों की जांच करने, सभी किसानों को उचित दर पर बीज उपलब्ध कराने, कालाबाजारी पर नियंत्रण करने, दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने और विक्रय प्रमाण पत्रों को निरस्त करने के लिए जिलाधिकारी ने तीनों तहसीलों में दो सदस्यों वाली एक-एक टीम गठित की है। सदर तहसील में तहसीलदार के साथ जिला कृषि अधिकारी आरपी राना, तुलसीपुर तहसील में तहसीलदार के साथ उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा। सूबेदार यादव व उतरौला तहसील में तहसीलदार के साथ अपर जिला कृषि अधिकारी राकेश पांडेय को बीज की गुणवत्ता जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है।



# व्यापार जगत

# शेयर बाजार में गिरावट

## ● सेंसेक्स 187 अंक लुढ़का ● निफ्टी 19,731 पर हुआ बंद

एजेंसी | मुंबई



17 नवंबर को शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 187 अंक की गिरावट के साथ आज 65,794.73 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 33 अंक फिसलकर 19,731.80 अंक पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव भरा ही माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 30 अंक की बढ़त के साथ 11,905.45 अंक पर बंद हुआ।

### टॉप गेनर्स-टॉप लूजर्स

टॉप गेनर्स में आज IRCTC, SBI लाइफ इंश्योरेंस और TVS मोटर्स ने क्रमशः 4.08 फीसदी, 3.97 फीसदी और 3.77 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। HDFC AMC और ICICI लोम्बार्ड के शेयर में भी क्रमशः 3.59 फीसदी और 3.33 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। RBL बैंक, L&T फाइनेंस, AB कैपिटल, SBI काड्र्स और IDFC फर्स्ट बैंक क्रमशः 8.03 फीसदी, 5.64 फीसदी, 5.63 फीसदी, 5.14 फीसदी और 3.67 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे।

### ग्लोबल मार्केट का क्या रहा हाल?

खबर लिखे जाने तक ग्लोबल मार्केट में अमेरिकी शेयर मार्केट के S&P 500 और डाउ जोन्स क्रमशः 0.12 फीसदी और 0.21 फीसदी की बढ़त के साथ हरे निशान पर थे। एशियन मार्केट में गिफ्ट निफ्टी, हेंग सेंग, KOSPI, सेट कम्पोजिटऔर हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय शेयर मार्केट में भी आज उतार-चढ़ाव भरा माहौल रहा। FTSE और CAC क्रमशः 0.89 फीसदी और 0.78 फीसदी की बढ़त के साथ हरे निशान पर थे।

# लक्सशेयर भारत की जगह वियतनाम में करेगी निवेश

एजेंसी | मुंबई




ऐपल के लिए पार्ट्स बनाने वाली चीन स्थित कंपनी लक्सशेयर ने भारत के बजाय वियतनाम में निवेश करने वाली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स निर्माताओं में से एक लक्सशेयर ने कथित तौर पर दोनों देशों के बीच चल रहे राजनीतिक तनाव का हवाला देते हुए भारत के बजाय वियतनाम में निवेश करने का फैसला किया है। लक्सशेयर बीते 3 साल से भारत में निवेश करने की योजना बना रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी अब चीन से अपने 33 करोड़ डॉलर (लगभग 2,747 करोड़ रुपए) के निवेश को वियतनाम के उत्तरी प्रांत बाक गियांग में स्थानांतरित करना चाहती है। वियतनाम सरकार ने पिछले हफ्ते ऐपल के निर्माता के लिए लाइसेंस को मंजूरी भी दे दी है। इससे वियतनाम में कंपनी का कुल निवेश बढ़कर 50 करोड़ डॉलर (लगभग 4,196 करोड़ रुपए) हो जाएगा। बता दें कि लक्सशेयर एयरपॉड्स के लिए ऐपल की एक प्राथमिक आपूर्तिकर्ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनी के इस फैसले से भारत का नुकसान होगा, क्योंकि फैसला ऐसे समय में आया है जब ऐपल टाटा जैसी भारतीय कंपनी को अपने साथ काम करने के लिए जोड़ने वाली है। ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन भारत ने में ऐपल आईफोन 15 लाइनअप की असेंबलिंग शुरू की है। हालांकि, ऐपल ने देश में केवल गैर-प्रो आईफोन 15 मॉडल को असेंबल किया है। प्रो वेरिएंट की असेंबलिंग अभी भी भारत में नहीं हो रही है।

# 61 हजार पर पहुंचा सोना

## चांदी भी 73 हजार के पार निकली



**मुंबई।** 17 नवंबर को सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के मुताबिक, सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने के दाम 473 रुपए बढ़कर 60,978 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं। चांदी भी आज 355 रुपए चढ़कर 73,210 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। इस महीने अब तक सोने-चांदी के दाम में मामूली बढ़त देखने को मिली है। 1 नवंबर को सोने के दाम 60,896 रुपए थे, जो अब 60,978 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं।

# न्यू-लिवरी के साथ एअर-इंडिया की फ्लाइट ने भरी उड़ान

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के एयरबस A350 विमान ने शुक्रवार को नए लोगो और नए लिवरी के साथ सिंगापुर से टूलूज के लिए उड़ान भरी। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर लिखा,'भारत के मोस्ट अवेटेड एयरक्राफ्ट के आगमन की ओर एक और कदम। नए मेकओवर के साथ एयरक्राफ्ट ने सिंगापुर से फ्रांस के टूलूज के लिए अपनी पहली उड़ान भरी। कंपनी ने कहा कि न्यू लिवरी एअर इंडिया के लिए नए अध्याय का प्रतीक है और पैसेंजर को मॉर्डन और अट्रैक्टिव एक्सपीरियंस प्रोवाइड करने के एयरलाइन के कमिटमेंट को दर्शाती है।

# इस साल टेस्ला को दोगुना कंपोनेंट एक्सपोर्ट करेगा भारत



**नई दिल्ली।** कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने टेस्ला फैक्ट्री की रीसेंट विजिट में कहा कि भारत इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) का इंपॉर्टेंट मार्केट और मैन्युफैक्चरर बनने के लिए तैयार है। पिछले साल टेस्ला ने भारत से लगभग 1 बिलियन डॉलर के कंपोनेंट इंपोर्ट किए। इस साल यह लगभग दोगुना यानी 1.9 बिलियन डॉलर हो जाएगा। उन्होंने कहा,'भारत हाई क्वालिटी ऑटो कंपोनेंट प्रोड्यूस कर रहा है, जो देश के इलेक्ट्रिक ऑटो इकोसिस्टम के एक्सपेंशन में मदद करेगा।' इसके साथ ही उन्होंने देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने, मैन्युफैक्चरिंग करने और ऑपरेशन्स को एक्सपेंड करने के लिए टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा की तारीफ की।

### तीन दिन पहले टेस्ला फैक्ट्री पहुंचे थे पीयूष गोयल

पीयूष गोयल तीन दिन पहले 14 नवंबर को टेस्ला की मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी विजिट की थी। हालांकि, इस दौरान कंपनी के मालिक एलन मस्क मौजूद नहीं थे। उन्होंने एक X पोस्ट में लिखा था- 'आपका टेस्ला में आना सम्मान की बात है! आज कैलिफोर्निया नहीं आ पाने के लिए मुझे खेद है, लेकिन मैं फ्यूचर डेट में मीटिंग की आशा रखता हूं।' वहीं, पीयूष गोयल ने तस्वीरें शेयर करते हुए X पर लिखा था- 'प्रतिभाशाली भारतीय इंजीनियरों और फाइनेंस प्रोफेशनल्स को सीनियर पोजिशन पर काम करते हुए और टेस्ला की रिमार्केबल जर्नी में योगदान करते हुए देखकर बेहद खुशी हुई।'



क्रिकेट का
महामुकाबला

ICC MEN'S CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**सबसे ज्यादा रन**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विराट कोहली | भारत | 10 | 101.57 | 711 |
| 2 | क्विंटन डी कॉक | दक्षिण अफ्रीका | 9 | 65.66 | 591 |
| 3 | रचिन रविन्द्र | न्यूजीलैंड | 10 | 64.22 | 578 |
| 4 | डेरिल मिशेल | न्यूजीलैंड | 10 | 69.00 | 552 |
| 5 | रोहित शर्मा | भारत | 10 | 55.00 | 550 |

**सबसे ज्यादा विकेट**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहम्मद शमी | भारत | 6 | 5.01 | 23 |
| 2 | एडम ज़म्पा | ऑस्ट्रेलिया | 9 | 5.26 | 22 |
| 3 | दिलशान मदुशंका | श्रीलंका | 9 | 6.70 | 21 |
| 4 | गेराल्ड कोएत्ज़ी | दक्षिण अफ्रीका | 7 | 6.40 | 18 |
| 4 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 10 | 3.98 | 18 |

**खेल के मैदानों से**

## दिव्यांशी ने जीते चार खिताब



**मुंबई।** दिव्यांशी भौमिक ने जोरदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जुहू विले पार्ले जिमखाना पर संपन्न हुई जेवीपीजी-टीएसटीटीए 5 स्टॉर मुंबई सबर्बन जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप में कुल चार खिताब अपने नाम किए। दिव्यांशी ने महिलाओं के एकल फाइनल में अनन्या चंदे को 5-11, 8-11, 11-9, 11-9, 9-11, 11-5, 11-9 से, गर्ल्स अंडर-19 के एकल फाइनल में ऋषि मीरचंदानी को 7-11, 11-2, 11-3, 12-14, 11-5, 12-14, 11-3 से, गर्ल्स अंडर-17 के एकल फाइनल में सना डिसूजा को 11-7, 11-6, 11-5 से और गर्ल्स अंडर-15 के फाइनल में निवा चौगुले को 11-5, 11-8, 11-2 से हराया और पहले स्थान पर रहीं। पुरुषों के एकल फाइनल में उलट-फेर देखने को मिला, जिसमें अर्णव कर्णावर ने पहली वरीयता प्राप्त सागर कस्तुरे को 11-7, 11-7, 12-10, 7-11, 11-4 से मात दी और खिताब हासिल किया।

## रिया पाटिल को मिले दो स्वर्ण पदक

**मुंबई।** मुंबई पोर्ट ट्रस्ट स्पोर्ट्स क्लब की रिया पाटिल ने मुंबई यूनिवर्सिटी पवैलियन, मरीन लाईन्स पर चल रही 46वीं बांबे वायएमसीए राज्य स्तरीय वार्षिक एथलेटिक मीट 2023 में 800 मीटर और 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। रिया ने 800 मीटर में 2: 20.79 सेकंड समय के साथ गायत्री शिंदे को और 200 मीटर में 25.66 सेकंड के समय के साथ सरोज शेट्टी को पीछे छोड़ा। इसके अलावा पुरुषों के 110 मीटर बाधा दौड़ में इनफिनीटी स्पोर्ट्स क्लब के साहिल गेदाम ने 15.22 सेकंड समय के साथ पहले स्थान पर रहे।

**ऑस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज**

# सूर्यकुमार कर सकते हैं कप्तानी

## हार्दिक हो सकते हैं सिरीज से बाहर

एजेंसी | मुंबई





भारतीय क्रिकेट टीम को वनडे विश्व कप 2023 के बाद ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। 23 नवंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज में सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कमान संभालते हुए नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सीरीज से कप्तान रोहित शर्मा सहित कई प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, हार्दिक पांड्या अपने टखने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में नहीं खेलेंगे। ऐसे में हार्दिक की गैरमौजूदगी में सूर्यकुमार को भारतीय टीम का कप्तान बनाया जाएगा।

बता दें कि रोहित की अनुपस्थिति में भारतीय उपकप्तान हार्दिक ही टीम की कप्तानी करते हैं। मौजूदा विश्व कप में हिस्सा लेने वाले ज्यादातर प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों को इस सीरीज से आराम दिया जा सकता है। सूर्यकुमार ने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कभी कप्तानी नहीं की है। उन्हें वेस्टइंडीज दौरे पर खेली गई 5 मैचों की टी-20 सीरीज में टीम का उपकप्तान चुना गया था। वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई की कमान संभाल चुके हैं। अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने अब तक 53 मैचों में 46.02 की औसत और 172.70 की स्ट्राइक रेट से 1,841 रन बना चुके हैं। इस बीच वह 3 शतक और 15 अर्धशतक लगा चुके हैं।

### 23 नवंबर से शुरू होगी सीरीज

23 नवंबर को विशाखापट्टनम में होने वाले टी-20 मैच के साथ सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 26 नवंबर को तिरुवनंतपुरम में और 28 नवंबर को गुवाहटी में दूसरे और तीसरे मैच खेले जाएंगे। सीरीज के आखिरी 2 मुकाबले 1 दिसंबर और 3 दिसंबर को खेले जाएंगे।





### दक्षिण अफ्रीका दौरे से भी बाहर हो सकते हैं हार्दिक

वनडे विश्व कप 2023 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ 18 अक्टूबर को मुकाबले में की गेंदबाजी करते समय हार्दिक का टखना चोटिल हो गया था। इसके बाद वह आगे कोई मैच नहीं खेल सके थे। ऐसा माना जा रहा है कि हार्दिक दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 10 दिसंबर से शुरू होने वाली 3 टी-20 मैचों की सीरीज और 17 दिसंबर से इतने ही वनडे मैचों की सीरीज तक भी फिट नहीं हो सकेंगे।

# विश्व कप के साथ ही समाप्त हुआ डेविड विली का अंतरराष्ट्रीय करियर



**मुंबई।** वनडे विश्व कप 2023 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। गतविजेता और हालिया प्रदर्शन के चलते टीम से इस टूर्नामेंट में धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन हुआ इसके बिल्कुल विपरित। इस शर्मनाक प्रदर्शन के बीच प्रमुख तेज गेंदबाज डेविड विली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर से संन्यास की घोषणा करके प्रशंसकों को हैरानी में डाल दिया। विली फिलहाल सिर्फ 33 साल के हैं और उन्होंने अब इंग्लैंड के लिए नहीं खेलने का निर्णय लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विली ने इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) की नीतियों से नाराज होकर संन्यास का निर्णय लिया है। बोर्ड ने 24 अक्टूबर को खिलाड़ियों के लिए केंद्रीय अनुबंध की घोषणा की थी। उस अनुबंध में विली को जगह नहीं दी गई थी। वह इस बात से काफी नाराज थे। बोर्ड ने 29 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया था जो 3 साल, 2 साल और 1 साल के लिए थे। विली ने 1 नवंबर को सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की थी। तब उन्होंने कहा था, मैं कभी नहीं चाहता था कि यह दिन आए। मैंने बचपन से केवल इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलने का सपना देखा है। मैंने काफी विचार करने के बाद और अफसोस के साथ यह फैसला लिया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का सही समय आ गया है। मैं विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलूंगा। विली का खेल को अलविदा कहना इसलिए भी हैरानी भरा है क्योंकि वह विश्व कप में शानदार लय में थे। उन्होंने वर्तमान विश्व कप में 6 मैचों में 23.54 की गेंदबाजी औसत और 5.07 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए थे। वह टूर्नामेंट में अपनी टीम की ओर से दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।उनसे अधिक विकेट केवल आदिल राशिद (15 विकेट) ही लेने में कामयाब रहे।

### विली की विश्व कप की खास उपलब्धि

*विली ने इसी विश्व कप दौरान खास उपलब्धि हासिल करते हुए वनडे क्रिकेट में अपने 100 विकेट भी पूरे किए थे। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ मुकाबले में 3 विकेट लेते हुए इस मुकाम को हासिल किया था। वह ऐसा करने वाले इंग्लैंड के 15वें गेंदबाज बने थे। सक्रिय गेंदबाजों में वह इंग्लैंड के चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक वनडे विकेट लेने का रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन (269) के नाम है। बाएं हाथ के गेंदबाज विली ने इंग्लैंड की ओर से कुल 116 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने 73 वनडे क्रिकेट मैचों में 29.75 की औसत और 5.52 की इकॉनमी रेट से 100 विकेट लिए। उन्होंने एक बार 5 विकेट हॉल लिया और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/30 विकेट का रहा है। उन्होंने 43 अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैचों में 23.13 की औसत और 8.18 की औसत से 51 विकेट अपने नाम किए हैं।*


# के सुब्रमण्यम ने एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में जीते चार स्वर्ण

**नई दिल्ली।** के सुब्रमण्यम ने फिलीपींस में एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में 86 साल की उम्र में चार स्वर्ण पदक जीते। पिछले सप्ताह आयोजित प्रतियोगिता में एथलेटिक्स बिरादरी में सुब्बू के नाम से मशहूर सुब्रमण्यम ने 85 साल से अधिक के वर्ग में लंबी कूद, ट्रिपल जंप, ऊंची कूद और भाला फेंक में शीर्ष स्थान हासिल किया। तमिलनाडु के छोटे से शहर पोल्लाची के सुब्रमण्यम बचपन से ही एथलेटिक्स से जुड़े रहे है। खेल से उनके लगाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने फिलीपींस की यात्रा अपने खर्चे पर की थी। तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने इस सप्ताह की शुरुआत में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सुब्बू की उपलब्धि तारीफ




करते हुए कहा कि राज्य सरकार जल्द ही उनका सम्मान करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'फिलीपींस के तारलाक में आयोजित 22वीं एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में चार स्वर्ण पदक जीतने के लिए चेन्नई के के सुब्रमण्यम (86) को मेरी हार्दिक बधाई।'

# अमेरिकी हॉल आफ फेम में शामिल होगी सेरेना विलियम्स



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स और मशहूर मानव अधिकार कार्यकर्ता रूबी ब्रिजेस को अगले साल अमेरिका के राष्ट्रीय महिला हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। हॉल ऑफ़ फेम इन घोषणा की कि सेरेना और ब्रिजेस को अगले साल मार्च में अमेरिकी हॉल ऑफ़ फेम में शामिल किया जाएगा।

**फीफा विश्व कप**

# भारत ने क्वालीफायर में कुवैत को 1-0 से हराया

## 21 नवंबर को कतर के खिलाफ खेलेगा भारत

**कुवैत सिटी।** मनवीर सिंह के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की मदद से भारत ने गुरुवार को यहां 2026 फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर मैच में कुवैत को 1-0 से पराजित किया। मनवीर ने खेल के 75वें मिनट में लालियानजुआला चांग्ते के क्रॉस पर यह महत्वपूर्ण गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। कुवैत को मैच के आखिरी क्षणों में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि दूसरे हाफ के इंजरी




टाइम में फैसल अलहरबी को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण बाहर जाना पड़ा था। भारत अपना अगला मैच 21 नवंबर को भुवनेश्वर में एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ खेलेगा। भारत को कतर, कुवैत और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाएंगी। इस बीच एशियाई क्षेत्र के विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में दक्षिण कोरिया ने सिंगापुर को 5-0 से करारी शिकस्त दी जबकि फिलीस्तीन ने लेबनान से गोल रहित ड्रा खेला। अन्य मैचों में जापान ने म्यांमार को 5-0 से, चीन ने थाईलैंड को 2-1 से, ईरान ने हांगकांग को 4-0 से, कतर ने अफगानिस्तान को 8-1 से, सऊदी अरब ने पाकिस्तान को 4-0 से और संयुक्त अरब अमीरात ने नेपाल को 4-0 से हराया।

# करण जौहर के शो में आएंगे विक्की-कियारा




*उन्होंने फिल्म 'गोविंदा नाम मेरा' में साथ काम किया है। मौजूदा वक्त में विक्की अपनी आने वाली फिल्म 'सैम बहादुर' को लेकर चर्चा में हैं, जो 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं।*

करण जौहर का शो 'कॉफी विद करण 8' अपने पहले एपिसोड से ही जबरदस्त चर्चा में है। अब तक इसके 4 एपिसोड स्ट्रीम हो चुके हैं, जिसमें रणवीण सिंह-दीपिका पादुकोण, सारा अली खान-अनन्या पांडे, करीना कपूर-आलिया भट्ट और सनी देओल-बॉबी देओल ने अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई। अब 'कॉफी विद करण 8' के पांचवें एपिसोड से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है। खबर है कि 'कॉफी विद करण' के आगामी एपिसोड में विक्की कौशल अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ नजर आएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, विक्की और कियारा ने 'कॉफी विद करण 8' के आगामी एपिसोड की शूटिंग भी कर ली है। उन्हें 16 नवंबर को यशराज स्टूडियो के बाहर स्पॉट किया गया था। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक



पुष्टि होना बाकी है। अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब विक्की और कियारा चैट शो 'कॉफी विद करण' में साथ नजर आएंगे। उन्होंने फिल्म 'गोविंदा नाम मेरा' में साथ काम किया है। मौजूदा वक्त में विक्की अपनी आने वाली फिल्म 'सैम बहादुर' को लेकर चर्चा में हैं, जो 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इसमें फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा भी हैं। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजान ने किया है। दूसरी ओर, कियारा 'गेम चेंजर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी साउथ के अभिनेता राम चरण के साथ बनी है। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'टाइगर नागेश्वर राव' OTT प्लेटफॉर्म पर हुई रिलीज




दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता रवि तेजा पिछले कुछ वक्त से अपनी पहली पैन इंडिया फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' को लेकर चर्चा में हैं, जो 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब 'टाइगर नागेश्वर राव' OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी हैं। ऐसे में अगर आपने इस फिल्म को सिनेमाघर में नहीं देखा है तो अब घर बैठे आराम से देख सकते हैं। 'टाइगर नागेश्वर राव' का निर्देशन वामसी ने किया है। अभिषेक अग्रवार फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म के जरिए कृति सैनन की बहन नूपुर सैनन पैन इंडिया डेब्यू किया है। यह तेलुगु इंडस्ट्री में भी उनकी पहली फिल्म है। इसमें गायत्री भारद्वाज, रेनू देसाई, जिशु सेन गुप्ता और अनुपम खेर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। 35 करोड़ रुपए की लागत में बनी फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' ने 50 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार किया था।




# 'पुष्पा 2' देख कांप उठेगी रूह

साउथ की फिल्मों को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह रहता है। फिल्म 'पुष्पा 2' को लेकर भी दर्शक बेसब्र हैं। 'पुष्पा' में अल्लू अर्जुन के अभिनय से लेकर उनके डायलॉग और फिल्म की कहानी तक दर्शकों की कसौटी पर खरी उतरी थी। यही वजह है कि इसकी दूसरी कड़ी को लेकर भी लोगों का उत्साह चरम पर है। हाल ही में फिल्म के संगीतकार देवी श्री प्रसाद उर्फ डीएसपी ने 'पुष्पा 2' पर बात की और कुछ खुलासे किए।

### पलक झपकाने का मौका नहीं देगी फिल्म

संगीतकार कहते हैं, निर्देशक सुकुमार ने उन्हें और गीतकार चंद्रबोस को 'पुष्पा 2' की कहानी सुनाई, जिसे सुन हमारे रोंगटे खड़े हो गए। फिल्म का स्क्रीनप्ले जबरदस्त है। जिस तरह से इसका एक-एक सीन फिल्माया गया है, उसे देख किसी की भी रूह कांप उठेगी।₹ उनके मुताबिक, फिल्म की पटकथा कुछ इस तरह से तैयार की गई है कि दर्शकों को पलक झपकाने का मौका नहीं मिलेगा। वे शुरू से लेकर अंत तक अपनी सीट से चिपके रहेंगे।

### अल्लू को लेकर कही ये बात

डीएसपी ने कहा, फिल्म का संगीत भी कुछ ऐसा होगा, जो दर्शकों को बांधे रखेगा। यह फिल्म में एक धमाके की तरह होगा। उन्होंने बताया, फिल्म में अल्लू का एक ऐसा सीन है, जो होश उड़ा देगा। जात्रा के एक सीक्वेंस के दौरान अल्लू, गंगम्मा थल्ली के अवतार में दिखेंगे। डीएसपी ने दावा किया कि इस दृश्य में अल्लू का प्रदर्शन न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगा, बल्कि उन्हें आश्चर्यचकित भी करेगा। यह फिल्म का मुख्य आकर्षण होने वाला है

न्यूज़ ब्रीफ

### खाई में गिरी जीप, 8 की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में शुक्रवार को सवारियों से भरी एक जीप 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में जीप में सवार 8 लोगों की मौत हो गई। हादसा ओखलकांडा के छेडाखाना मीडार मार्ग पर सुबह 8:30 बजे हुआ। हादसे के समय जीप में 11 लोग सवार थे। 2 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत 8 लोगों में 3 महिलाएं और 2 बच्चे शामिल हैं।

### केरल ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या 6 हुई

**एर्नाकुलम।** केरल के एर्नाकुलम में 29 अक्टूबर को ईसाई प्रार्थना सभा में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हो गई। घटना के वक्त दो लोगों की मौत हुई थी। जबकि 50 घायल हुए थे। बाद में 30 अक्टूबर, 6 नवंबर, 11 नवंबर और 16 नवंबर को चार और लोगों की इलाज के दौरान जान चली गई। पुलिस ने इस ब्लास्ट के आरोपी डोमिनिक मार्टिन को गिरफ्तार कर UAPA केस दर्ज किया है। कोर्ट ने आरोपी मार्टिन को 29 नवंबर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में 54 केस दर्ज किए हैं। सबसे अधिक 26 मामले मलप्पुरम जिले में दर्ज किए गए, इसके बाद एर्नाकुलम में 15 और तिरुवनंतपुरम में पांच मामले दर्ज हुए।

### एक्ट्रेस विजयशांति कांग्रेस में हुईं शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व सांसद और मशहूर एक्ट्रेस विजयशांति ने कांग्रेस ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने हाल ही में भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। विजयशांति ने 2009 में अपना राजनीतिक करियर शुरू किया और बीआरएस (तब टीआरएस) के टिकट पर मेडक लोकसभा सीट से सांसद चुनी गईं थीं। बाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के साथ मतभेदों की वजह से वे कांग्रेस में शामिल हो गईं थीं और उसी निर्वाचन क्षेत्र से उन्होंने फिर से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद विजयशांति 2020 में भाजपा में शामिल हो गईं थीं।

### म्यांमार के नॉर्थ-ईस्ट में 5.7 तीव्रता का भूकंप

**म्यांमार।** म्यांमार के नॉर्थ-ईस्ट इलाके में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस इलाके में 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी जिओलॉजी सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप का सेंटर म्यांमार के शान स्टेट के केंग टुंग से 76 किलोमीटर साउथ-वेस्ट इलाके में और 10 किलोमीटर गहराई में रहा।

### उत्तर 24 परगना में TMC पंचायत प्रधान की हत्या

**परगना।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के ताजा मामले में शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के पंचायत प्रधान की हत्या कर दी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमलावरों ने गुरुवार शाम करीब सात बजे कामदेवपुर हाट में हमला किया। अमदंगा के टीएमसी पंचायत प्रधान रूपचंद मंडल को निशाना बनाकर बम उस समय फेंके गए, जब वह अपने मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। मंडल को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। बेहतर इलाज के लिए, उन्हें बारासात के एक निजी अस्पताल में भेजा गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। बता दें कि नॉर्थ 24 परगना के पड़ोसी जिले दक्षिण 24 परगना में भी हिंसा हुई थी। दक्षिण 24 परगना के जॉयनगर में एक अन्य टीएमसी पंचायत सदस्य की हत्या के तीन दिन बाद रूपचंद मंडल की हत्या कर दी गई।

# हरियाणा सरकार को बड़ा झटका

## हाई कोर्ट ने निजी नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण रद्द किया

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट से हरियाणा सरकार को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने निजी नौकरियों में स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने वाले अधिनियम को रद्द कर दिया है। हाई कोर्ट के जस्टिस जीएस संधावालिया और जस्टिस हरप्रीत कौर जीवन की संयुक्त पीठ ने ये फैसला सुनाया है। बता दें कि सरकार के इस फैसले के खिलाफ कई औद्योगिक निकायों ने कोर्ट में याचिका दायर की थी।




### दोपहर प्लस

दरअसल, जननायक जनता पार्टी (JJP) ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में निजी नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया था। JJP हरियाणा की भाजपा सरकार के साथ गठबंधन में है। कहा जाता है कि मनोहर लाल खट्टर की सरकार ने JJP के दबाव में ही यह कानून बनाया था। JJP ने हरियाणा की तरह राजस्थान विधानसभा चुनावों में भी इस तरह का वादा किया है। बता दें कि JJP राजस्थान में 25 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

### उद्योगों ने क्या दिया था तर्क?

औद्योगिक निकायों ने कहा था कि हरियाणा की सरकार निजी क्षेत्र में आरक्षण लाना चाहती है, जो नियोक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। उद्योगों ने तर्क दिया था कि निजी क्षेत्र की नौकरियां पूरी तरह से कौशल पर आधारित हैं और भारत के सभी नागरिकों को शिक्षा के आधार पर देश के किसी भी हिस्से में नौकरी करने का संवैधानिक अधिकार है। फरीदाबाद और गुरुग्राम के कई औद्योगिक संगठनों ने इस कानून के खिलाफ याचिका दायर की थी।

### क्या था आरक्षण से जुड़ा कानून?

कानून के तहत, कारखानों और उद्योगों में 75 प्रतिशत नौकरियां हरियाणा के निवासियों को दी जाना थी। ये कानून केवल हरियाणा में स्थित निजी कंपनियों, सोसायटी, ट्रस्ट, भागीदारी फर्म, और साझेदारी फर्म में 30,000 रुपये प्रति माह से कम वेतन वाली नौकरियों पर ही लागू होता था। जिन कंपनियों में 10 या उससे अधिक कर्मचारी काम करते थे, वहां ये कानून लागू होना था। 6 नवंबर, 2021 को राज्य के श्रम विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की थी।

### हाई कोर्ट ने सुरक्षित रखा था फैसला

फरवरी, 2022 में कोर्ट ने कानून को लागू करने पर पर रोक लगा दी थी। मार्च, 2022 में कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। हालांकि, बाद में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने 4 हफ्ते के भीतर हाई कोर्ट को सुनवाई पूरी करने का आदेश दिया था। इसके बाद अप्रैल, 2023 में मामले की दोबारा सुनवाई शुरू हुई और 19 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# 200 करोड़ के क्रिप्टो-पोंजी घोटाले का भंडाफोड़

एजेंसी | भुवनेश्वर

ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक क्रिप्टो-पोंजी घोटाले का भंडाफोड़ किया है, जिसमें आठ राज्यों के करीब ढाई लाख लोगों को 200 करोड़ रुपये से ज्यादा का चूना लगाया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।




### तीन गिरफ्तार

इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें से एक को राजस्थान की राजधानी जयपुर से उस समय पकड़ा गया, जब वह दुबई भागने की कोशिश कर रहा था। ईओडब्ल्यू के अधिकारी ने बताया कि दो अन्य आरोपियों को गुरुवार को भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोग 'यस वर्ल्ड क्रिप्टो टोकन' नाम की एक कंपनी से जुड़े थे, जिसने पंजाब, राजस्थान, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, गुजरात, बिहार और झारखंड के ढाई लाख निवेशकों को बहुत कम समय में असाधारण रूप से उच्च रिटर्न का वादा किया और 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की। अधिकारी ने बताया कि ईओडब्ल्यू ने पुरी शहर में एक निवेशक की शिकायत के आधार पर घोटाले की जांच शुरू कर दी है। लोगों को आकर्षित करने के लिए कंपनी विभिन्न स्थानों के पॉश होटलों में प्रचार कार्यक्रम आयोजित करती थी। ईओडब्ल्यू द्वारा उजागर किए गए अगस्त के बाद से यह दूसरा क्रिप्टो-पोंजी घोटाला है। उस घोटाले में देशभर के दो लाख से ज्यादा लोगों को एक हजार करोड़ रुपये का चूना ल गाया गया था। इसमें कथित तौर पर शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

# यमन में भारतीय नर्स पर हत्या का आरोप

### फांसी की सजा सुनाई गई

एजेंसी | यमन

यमन में भारतीय मूल की नर्स निमिषा प्रिया को फांसी की सजा सुनाई गई थी। प्रिया के परिवार ने इसके खिलाफ यमन के सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। अब प्रिया की फांसी की सजा को लेकर संकट गहराता जा रहा है। इस बीच प्रिया की मां ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर यमन जाने की इजाजत मांगी है।




**क्या है मामला? :** प्रिया केरल के पलक्कड़ की रहने वाली हैं। 2014 के आसपास प्रिया अपने पति के साथ यमन चली गई थीं। हालांकि, बाद में पैसों की कमी की वजह से उनके पति और बच्चे वापस लौट आए, लेकिन प्रिया वहीं रहीं। यमन में खुद का क्लीनिक खोलने के लिए प्रिया ने तलाल आब्दो मेहदी नामक एक शख्स की मदद मांगी, लेकिन तलाल ने मदद नहीं की। इस बीच एक अन्य शख्स अब्दुल हनान की मदद से प्रिया ने अपना क्लीनिक खोला।

### कैसे हुई विवाद की शुरुआत?

रिपोर्ट के मुताबिक, जब प्रिया का क्लीनिक चल निकला तो तलाल उसमें अपना हिस्सा मांगने लगा। चूंकि, तलाल ने क्लीनिक खोलने में प्रिया की कोई मदद नहीं की थी, इस वजह से प्रिया ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इस बीच तलाल ने शादी के नकली दस्तावेज बनवा लिए और दावा किया कि प्रिया उसकी पत्नी है। दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर प्रिया ने पुलिस में शिकायत की, जिसके बाद तलाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

### निमिषा प्रिया पर लगा तलाल की हत्या का आरोप

2017 में जेल से बाहर आने के बाद तलाल ने प्रिया का पासपोर्ट छीन लिया। इसे पाने के लिए कथित तौर पर प्रिया ने तलाल को बेहोशी का इंजेक्शन दिया। हालांकि, डोज ज्यादा होने से तलाल की मौत हो गई। इस पूरी घटना में हनान भी प्रिया के साथ था। इसके बाद दोनों ने तलाल के शव के टुकड़े किए और एक टैंक में फेंक दिए। पुलिस ने जांच के बाद हनान और प्रिया को गिरफ्तार कर लिया।

# कुलगाम में लश्कर-ए-तैयबा के 6 आतंकवादी ढेर

एजेंसी | कुलगाम

जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के सामनू गांव में गुरुवार रात से जारी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 6 आतंकियों को ढेर कर दिया है। पांचों पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुरुवार को सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी थी, जिसके बाद सुरक्षा बल सतर्क हो गए। खबर है कि सुरक्षा बलों ने रॉकेट लॉन्चर से उस घर को उड़ा दिया, जिसमें आतंकी छिपे हुए थे।




**2 दिन में मारे गए 7 आतंकी :** घाटी में सुरक्षा बलों ने 2 दिन के अंदर 7 आतंकियों को मार गिराया है। कुलगाम में मुठभेड़ से एक दिन पहले बारामूला में 2 आतंकियों को ढेर किया गया था। उनके पास से हथियार और गोला बारूद बरामद हुए थे। आतंकियों के खिलाफ अभियान में सेना की 34वीं राष्ट्रीय राइफल्स, 9 पैरा (एलीट स्पेशल फोर्स यूनिट), केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (CRPF) और जम्मू-कश्मीर पुलिस शामिल हैं। इलाके में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी है।

# देवी मां चामुंडेश्वरी को भी 2000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक मदद

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार अब देवी मां को भी प्रतिमाह आर्थिक मदद देगी। मैसूरु की पीठासीन देवी मां चामुंडेश्वरी को भी सरकार की गृह लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। योजना के तहत एपीएल अथवा बीपीएल कार्डधारक परिवार की महिला मुखियाओं को दो हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं।

कर्नाटक सरकार ने गत 30 अगस्त को मैसूरु में देवी मां चामुंडेश्वरी मंदिर में पहली किस्त जमा कर गृह लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया था। कांग्रेस एमएलसी और पार्टी की राज्य मीडिया सेल के उपाध्यक्ष दिनेश गूलीगौड़ा ने शुक्रवार को बताया कि देवी मां चामुंडेश्वरी को योजना के तहत दो हजार रुपए प्रतिमाह देने के लिए उन्होंने उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को पत्र लिखा था।

# जगन्नाथ मंदिर के नटमंडप हॉल की मरम्मत करेगा ASI

### कोर्ट के आदेश के बाद मंदिर प्रशासन ने भी दी मंजूरी

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में बने जगन्नाथ मंदिर के नटमंडप की मरम्मत का काम शुक्रवार 17 नवंबर को शुरू हो गया है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (SJTA) ने गुरुवार (16 नवंबर) को आर्कियोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) को मरम्मत का काम शुरू करने की मंजूरी दे दी है। दरअसल, 12वीं सदी में बने इस मंदिर के कुछ खंभों में दरारें आई हैं, जिसके बाद ओडिशा हाईकोर्ट ने 16 नवंबर को ASI को निर्देश दिया था कि इस मंदिर की मरम्मत कराई जाए। कोर्ट का आदेश आने के बाद मंदिर प्रशासन ने मरम्मत की अनुमति दी है।

### सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक होगी मरम्मत



मंदिर प्रशासन के प्रमुख रंजन कुमार दास ने बताया कि मरम्मत का काम रोजाना सुबह 6 बजे से रात 10 बजे के बीच होगा। इस दौरान यह ध्यान रखा जाएगा कि मंदिर के रीति-रिवाजों और श्रद्धालुओं की पूजा में कोई बाधा न आए। मंदिर की टेक्निकल टीम मरम्मत के काम का निरीक्षण करेगी, जबकि मंदिर के सुपरवाइजर भीड़ को नियंत्रित करेंगे।

# बंगाल की खाड़ी में उठा मिधिली साइक्लोन

एजेंसी | भुवनेश्वर/कोलकाता

बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र साइक्लोन का रूप ले रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के मुताबिक, इस साइक्लोन का नाम मिधिली रखा गया है। शुक्रवार 17 नवंबर की रात या शनिवार 18 नवंबर की सुबह ये पश्चिम बंगाल के सुंदरवन के पास से गुजरते हुए बांग्लादेश से टकरा सकता है। इस दौरान इसकी रफ्तार 80 किमी प्रतिघंटा रहेगी। भारत के 8 राज्यों में इसका असर देखा जाएगा। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, नागालैंड और मेघालय शामिल हैं। IMD ने इन राज्यों में 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



# सबसे ताकतवर रॉकेट की लॉन्चिंग टली

## अब शनिवार शाम साढ़े छह बजे स्टारशिप लॉन्च होगा

**टेक्सास।** स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क दुनिया के सबसे ताकतवर स्टारशिप व्हीकल का दूसरा टेस्ट भारतीय समयानुसार शनिवार शाम 6:30 बजे करेंगे। पहले इसे 17 नवंबर को लॉन्च किया जाना था। ग्रिड फिन में आई खराबी के कारण ऐसा किया गया है। मस्क ने कहा, 'ग्रिड फिन एक्चुएटर को बदलना होगा, इसलिए लॉन्चिंग को शनिवार तक के लिए टाल दिया गया है।' ग्रिड फिन बूस्टर को पृथ्वी पर वापस आने में मदद करते हैं। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है।

### स्टारशिप स्पेस में जाएगा, फिर वापस आएगा



यह मिशन 1:30 घंटे का होगा। लाइव स्ट्रीमिंग 30 मिनट पहले यानी 6:30 बजे से शुरू होगी। स्टारशिप को स्पेस में ले जाया जाएगा, फिर पृथ्वी पर वापस लाकर पानी पर लैंड कराया जाएगा। यह एक रीयूजेबल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम है। इसके जरिए इंसान मंगल ग्रह पर जाएंगे।

# पुस्तक में कुकी समुदाय का 'मनगढ़ंत' इतिहास लिखने का आरोप

एजेंसी | इंफाल

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के नेता और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव महेश्वर थौनाओजम ने मणिपुर की स्कूली पुस्तक में कुकी समुदाय का गलत इतिहास पेश करने का आरोप लगाया है और इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। कीशमपत स्थित अपने घर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मणिपुर के बोर्ड द्वारा निर्धारित कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक में कुकी समुदाय के इतिहास को मनगढ़ंत और विकृत तरीके से पेश किया गया है।

### मणिपुर के शिक्षा मंत्री के सामने उठाया मुद्दा



महेश्वर ने कहा कि 'मणिपुर का इतिहास' नामक पुस्तक के एक खंड में कुकी के इतिहास को विकृत किया गया है, जिसका सटीक जानकारी के अभाव में छात्रों पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने यह मुद्दा मणिपुर के शिक्षा मंत्री थौनाओजम बसंत कुमार के सामने उठाया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वह पुस्तक की समीक्षा करेंगे और 2 से 3 दिन में प्रतिबंध लगाने के लिए उचित कार्रवाई करेंगे।

जुर्माना | कांग्रेस पर लगाया राजनीतिक साजिश का आरोप

# 'बिजली चोरी' के लिए भरना पड़ा 68,526 रुपए जुर्माना

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने चोरी की बिजली के लिए 68,526 रुपये का जुर्माना अदा किया है। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए बिजली चोरी के आरोप को 'अन्यायपूर्ण और अत्यधिक' बताया है। कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने दिवाली के दौरान जेपी नगर स्थित अपने आवास को रोशन करने के अवैध बिजली कनेक्शन लिया था, लेकिन उसका जुर्माना उन्होंने अदा कर दिया है। जनता दल (सेक्युलर) की राज्य इकाई के अध्यक्ष कुमारस्वामी ने जुर्माना राशि की गणना के तरीके का विरोध किया और उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर में खामियां पाईं। पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी ने सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर होने के कारण उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश का आरोप लगाया।



### कुमारस्वामी ने बिजली ठेकेदार को दोषी ठहराया

सतर्कता पुलिस स्टेशन के सहायक कार्यकारी अभियंता को लिखे एक पत्र में कुमारस्वामी ने अपने कर्मचारियों द्वारा नियुक्त बिजली ठेकेदार को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा, 'यह पता चलने के तुरंत बाद मैंने अपने कर्मचारियों को बिजली के खंभे से तार काटने के लिए सूचित किया। जब आवास को दिवाली के दौरान सजाया जा रहा था तब मैं घर पर नहीं था। मैं उस समय रामनगर जिले में अपने घर पर था। इलेक्ट्रीशियन ने मेरी जानकारी के बिना स्वतंत्र रूप से काम किया। उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर खामियों से भरी है, क्योंकि शिकायत बैंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड के सहायक कार्यकारी अभियंता द्वारा की गई है।' उन्होंने कहा, 'मैंने व्यक्तिगत रूप से बिजली चोरी होते हुए देखा था, लेकिन तथ्य दावे के विपरीत थे।'

**बिजली चोरी का क्या है पूरा मामला? :** बता दें कि कर्नाटक में कांग्रेस ने मंगलवार (14 नवंबर) को पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के राज्य प्रमुख कुमारस्वामी पर आरोप लगाया था कि दीपावली के दौरान उन्होंने जेपी नगर स्थित अपने आवास की सजावटी रोशनी के लिए अवैध तरीके से बिजली के तार जोड़ लिये थे। इसके बाद सत्तारूढ़ दल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर बयान के साथ एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें जद (एस) नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे की आलोचना की गई थी। बिजली वितरण कंपनी की सतर्कता इकाई ने निरीक्षण किया और भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया। कुमारस्वामी ने कहा कि यह उनकी गलती नहीं थी बल्कि सजावट करने वाली एक निजी संस्था की गलती थी, जिसने पास के बिजली के खंभे से सीधे तार जोड़ दिये।

# मंत्रालयों-विभागों में ज्वाइनिंग के लिए अब चक्कर नहीं काटेंगे चयनित उम्मीदवार



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार के तहत विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में मिलने वाली नौकरियों के लिए, चयनित उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग के लिए चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के 'कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग' ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कई विभागों में यह देखा गया है कि चयनित उम्मीदवारों को समायोजित करने के दौरान भर्ती एजेंसियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई विभागों में यह जवाब मिलता है कि उनके यहां पर पद ही खाली नहीं हैं। कई ऐसे केस भी सामने आए हैं, जिनमें न्यायालय द्वारा भर्ती एजेंसी के परिणाम को संशोधित करने की बात कही गई है। डीओपीटी ने सभी मंत्रालयों और विभागों से कहा है कि वे चयनित उम्मीदवारों के समायोजन में देरी न करें। भर्ती एजेंसियों के साथ तय समय पर संवाद करें और पदों को भरने में पूरा सहयोग दें। अगर किसी तरह की कोई समस्या आती है, तो उसे लेकर भर्ती एजेंसी के साथ अविलंब सूचना साझा करें।